Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक वेलकम इंडिया
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 84 | गुरुवार, 27 मार्च -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## अमित शाह ने बताया भारत के पहले

# सहकारी विश्वविद्यालय को लोकसभा की मंजूरी हर साल आठ लाख प्रशिक्षित पेशेवर होंगे तैयार

**नई दिल्ली।**

देश में प्रशिक्षित श्रमबल के सहयोग से सहकारिता आंदोलन को गति देने का रास्ता प्रशस्त हो गया। लोकसभा में त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक को चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि विश्वविद्यालय के माध्यम प्रत्येक वर्ष सहकारिता क्षेत्र में आठ लाख प्रशिक्षित प्रोफेशनल तैयार होंगे। यह देश का पहला सहकारिता विश्वविद्यालय होगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी। स्वरोजगार एवं लघु उद्यमिता का विकास के साथ ही नवाचार के नए मानक स्थापित होंगे। विधेयक पर लोकसभा में तीन घंटे विमर्श हुआ। बाद में जवाब देते हुए



अमित शाह ने विश्वविद्यालय की उपयोगिता और काम करने के तरीके को विस्तार से बताया। यह भी स्पष्ट किया कि इसका नाम त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय क्यों रखा गया है। विश्वविद्यालय का प्रारूप बताते हुए सहकारिता मंत्री ने कहा कि परिसर गुजरात में होगा, लेकिन पूरे देश की सहकारी संस्थाओं को इससे संबद्ध किया जाएगा। पहले वर्ष में ही प्रत्येक जिले में कालेज और स्कूल को खोले जाएंगे। नई शिक्षा नीति के मानकों के अनुरूप दसवीं-12वीं के लिए भी कोर्स होंगे। इंजीनियचरग के छात्रों के लिए भी कोर्स का डिजाइन किया गया है। साथ ही बड़े पैमाने पर ई-लर्निंग कोर्स भी शामिल किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश भर में हजारों की संख्या में सहकारी संस्थाएं हैं, जहां नियुक्तियों का कोई तय मानक नहीं है। पैक्सों में सचिव के पद हों या चीनी मिलों एवं को-आपरेटिव बैंकों में नियुक्तियों का मामला हो, सभी में बिना किसी मान्य डिग्री के नियुक्तियां हो जाती हैं। सहकारी समितियों में प्रभावशाली लोग अपने चट्टे-बट्टे को ही नौकरी देते हैं, क्योंकि सहकारिता के क्षेत्र में अभी तक कोई मान्य डिग्री नहीं होती है, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। सहकारिता क्षेत्र के लिए डिग्री, डिप्लोमा और पीएचडी कोर्स बनाए जा रहे हैं। सरकार ने इसकी जरूरत को समझते हुए विश्वविद्यालय की स्थापना से पहले ही सहकारी संस्थाओं के लिए नया कोर्स डिजाइन करना शुरू कर दिया है।

### सहकारिता को समर्पित देश का यह पहला विश्वविद्यालय

अमित शाह ने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बाद सहकारिता को समर्पित देश का यह पहला विश्वविद्यालय होगा, जहां प्रतिवर्ष आठ लाख से अधिक युवाओं के लिए डिग्री, डिप्लोमा एवं पीएडी के पाठ्यक्रम चलाए जाएंगे। सहकारिता मंत्री ने विश्वविद्यालय की जरूरत भी बताई।

### सहकारी संस्कृति का होगा विकासः अमित शाह

अमित शाह ने कहा कि सहकारिता विश्वविद्यालय के माध्यम से देश में सहकारी संस्कृति और गतिविधियों का विकास होगा। नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा। नई प्रौद्योगिकी का देश को फायदा होगा। जमीन पर मजबूत सहकारी खाका तैयार होगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को धार मिलेगी।

## घेराबंदी के बावजूद कहां गायब हो गए संदिग्ध, सकते में सुरक्षा बल



**जम्मू।**

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास चार दिन पहले पांच आतंकी और फिर दो दिन बाद अलग-अलग जगह संदिग्ध दिखने से सुरक्षा एजेंसियों से लेकर बीएसएफ सकते में हैं। आतंकियों ने घुसपैठ कहां से की और इतने दिन सुरक्षाबलों की घेराबंदी के बावजूद कहां गायब हो गए..। इससे आशंका यह भी पैदा हो रही है कि आतंकी कहीं सुरंग का इस्तेमाल तो नहीं कर रहे। बीएसएफ जवान सीमा से सटे क्षेत्रों को बारीकी से खंगालने में जुटे हैं। इसी बीच, घुसपैठ वाले मार्गों से सात संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

सेना और पुलिस के आला अधिकारी पूरे अभियान पर नजर रखे हैं। दूसरी ओर से जम्मू संभाग के सांबा जिले के चिलयारी पोस्ट पर सीमा के उस पार संदिग्ध गतिविधियां दिखने के बाद बीएसएफ जवानों ने छह से सात राउंड फायर किए।

## गर्मी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, मार्च में लू की आहट

**नई दिल्ली।**

इसे जलवायु परिवर्तन का असर कहें या साल दर साल बदलते मौसम का मिजाज...अब सर्दी और गर्मी के बीच संक्रमण का अहसास नहीं हो रहा है। बसंत ऋतु आ गई है, लेकिन हल्की ठंड का अहसास नहीं हो रहा है। इस साल तो आलम यह है कि मार्च में ही भीषण गर्मी का अहसास होने लगा है।



बुधवार को दिल्ली में मार्च की गर्मी ने तीन साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। पश्चिमी, दक्षिणी और मध्य भारत के साथ ही तटीय इलाकों में भी गर्मी का अहसास होने लगा है। कई राज्यों में दिन का तापमान 42 डिग्री के पार पहुंच गया है। ऐसे में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी की संभावना का अंदाजा विशेषज्ञ भी नहीं लगा पा रहे हैं। साफ आसमान और तेज धूप के बीच बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 7.4 डिग्री अधिक 38.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले मार्च 2022 में यह 39.6 डिग्री तक पहुंचा था। यानी बुधवार का तापमान तीन साल बाद सबसे ज्यादा रहा। दिल्ली का सबसे गर्म इलाका पीतमपुरा रहा। यहां का तापमान 40.6 डिग्री रहा। जबकि रिज का तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 0.4 डिग्री अधिक 17.7 डिग्री दर्ज किया गया। राजघाट में सबसे अधिक न्यूनतम तापमान 21.6 डिग्री दर्ज किया गया। पीतमपुरा और रिज इलाके में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर जाने के बावजूद मौसम विभाग ने इसे हीट वेव की श्रेणी में नहीं रखा है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अगर लगातार दो दिन तक ऐसी स्थिति बनी रहे, तो ही इसे हीट वेव की श्रेणी में रखा जाता है।

जबकि गुरुवार को एक से दो डिग्री की गिरावट हो सकती है। शुक्रवार और शनिवार को हवा की गति बढ़ने पर तापमान में और गिरावट आ सकती है।

## ग्रामीण विकास योजनाओं की सुस्त चाल, खर्च न हुआ 34.82 प्रतिशत बजट

**नई दिल्ली।** ग्रामीण विकास योजनाओं के लिए हर वर्ष बजट चाहे भरपूर दिया जा रहा है, लेकिन धरातल पर योजनाएं अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रही हैं। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि ग्रामीण विकास की केंद्रीय वित्त पोषित योजनाओं के लिए वर्ष 2024-25 में बजट का जो संशोधित अनुमान रखा गया था, उसमें से 34.82 प्रतिशत पैसा खर्च ही नहीं हो सका है। मंत्रालय के इसके कई कारण बताए हैं, लेकिन समिति ने चिंता जताते हुए सरकार को धरातल पर सक्रिय क्रियान्वयन और सतत निगरानी की नसीहत दी है। संसदीय समिति ने पाया है कि 2024-25 के संशोधित बजट में आवंटित 1,73,804.01 करोड़ रुपये के मुकाबले वास्तविक व्यय केवल 1,13,284.55 करोड़ रुपये रहा, जो संशोधित अनुमान चरण में आवंटित राशि से 34.82 प्रतिशत कम है।


## दुनियाभर के ऑटो सेक्टर में मची खलबली

# ट्रंप ने विदेश में बनी कारों पर 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को ऑटो आयात पर भारी टैरिफ की घोषणा की है। व्हाइट हाउस ने जानकारी दी कि ट्रंप ने विदेशी निर्मित वाहनों पर 25 प्रतिशत टैरिफ की घोषणा की है। वहीं, ट्रंप के इस कदम से ऑटो सेक्टर में खलबली मच सकती है क्यों ट्रंप का यह कदम व्यापारिक साझेदारों के साथ तनाव को बढ़ाने वाला है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में कहा कि हम जो करने जा रहे हैं, वह उन सभी कारों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाना है जो संयुक्त राज्य अमेरिका में नहीं बनी हैं। यदि वे संयुक्त राज्य अमेरिका में बनी हैं, तो उन पर कोई टैरिफ नहीं लगेगा। यह कदम 2 अप्रैल से प्रभावी होगा और विदेशी निर्मित कारों और हल्के ट्रकों पर मौजूदा टैरिफ के अलावा प्रभाव डालेगा। जनवरी में राष्ट्रपति पद पर लौटने के बाद से ट्रंप ने पहले ही प्रमुख अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों कनाडा, मैक्सिको और चीन से आयात पर टैरिफ लगा दिया है। ट्रंप ने स्टील और एल्यूमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क भी लगा दिया है। अतिरिक्त शुल्क नीति अनिश्चितता और पहले के शुल्कों की लहरों से जूझ रहे व्यवसायों के लिए एक और झटका होगा, जिसके बारे में अर्थशास्त्रियों ने चेतावनी दी थी कि इससे उत्पादकों की लागत बढ़ सकती है। यदि कंपनियां उन्हें वहन करने में असमर्थ हैं, तो ये लागत अंततः उपभोक्ताओं पर डाली जा सकती है। प्रमुख वाहन निमार्ता फोर्ड के शेयरों में 1.8 प्रतिशत की गिरावट आई है।

**02 अप्रैल से प्रभावी होगा यह टैरिफ**





## विभिन्न कारणों से देशभर में अटकी 637 परियोजनाएं नितिन गडकरी ने संसद में बताई बड़ी वजह

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक जवाब में कहा कि भारतमाला परियोजना योजना के अंतर्गत आने वाली परियोजनाओं सहित 637 परियोजनाओं में मुख्य रूप से भूमि अधिग्रहण संबंधी मुद्दों और ठेकेदारों के समक्ष आने वाली वित्तीय कठिनाइयों जैसे कारणों से देरी हो रही है। गडकरी ने राज्यसभा में एक जवाब में कहा कि अप्रत्याशित घटनाओं के अलावा निर्माण सामग्री की कमी आदि के कारण भी परियोजनाओं में देरी हुई है। "भारतमाला परियोजना योजना के अंतर्गत आने वाली परियोजनाओं सहित 637 परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी हुई है।"

इन चुनौतियों से निपटने और परियोजना निष्पादन में तेजी लाने के लिए सरकार ने विभिन्न पहल की हैं इसके अलावा, अगर देरी ठेकेदार की वजह से होती है, तो हजार्ना लगाया जाता है और देरी के कारण कोई अतिरिक्त लागत नहीं आती है। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसी विलंबित परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने कहा कि केंद्र ने साइबर अपराधों और साइबर अपराध हाटस्पाट से निपटने वाली विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए सात संयुक्त साइबर समन्वय दल गठित किए हैं।

## पिछले वर्ष अक्टूबर से भारत चीन संबंधों में हुआ कुछ सुधार

**नई दिल्ली।**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि पिछले वर्ष अक्टूबर से भारत और चीन के बीच संबंधों में कुछ सुधार हुआ है। दोनों देश इसके विभिन्न पहलुओं पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2020 में जो हुआ, वह उन मुद्दों से निपटने का तरीका नहीं था। भविष्य में भी दोनों देशों के बीच मुद्दे उठेंगे, लेकिन संघर्ष के बिना भी उनसे निपटने के तरीके हैं। बुधवार को एशिया सोसाइटी के क्यूंग-वा कांग के साथ बातचीत में जयशंकर ने कहा कि भारत और चीन 2020 में की गई कार्रवाइयों से हुए नुकसान को कम करने और द्विपक्षीय संबंधों को फिर कायम करने की कोशिश कर रहे हैं।

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन हादसे पर बोले रेल मंत्री

## दुर्घटना वाले दिन औसत बिक्री से 11 प्रतिशत अधिक बिके प्लेटफॉर्म टिकट



**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 11,099 प्लेटफार्म टिकट बिके। उस दिन स्टेशन पर भगदड़ मची थी जिसमें 18 यात्रियों की मौत हो गई थी, और यह प्रतिदिन औसत बिक्री से केवल 11 प्रतिशत अधिक है। बुधवार को लोकसभा में एक लिखित जवाब में रेल मेंत्री ने कहा कि मौजूदा प्लेटफार्म की क्षमता इस भार को वहन करने के लिए पर्याप्त है। अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अधिकारी दीपक ने पिछले छह महीनों के साथ-साथ 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से प्लेटफार्म टिकटों की बिक्री का ब्योरा मांगते हुए यह मुद्दा उठाया।

## रामनवमी पर रामेश्वरम जाएंगे पीएम मोदी, पंबन ब्रिज का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छह अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर रामेश्वरम स्थित रामनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी नए पंबन ब्रिज का भी उद्घाटन करेंगे। नया पंबन ब्रिज 1914 में बने पुराने ब्रिज की जगह लेगा, जिसे जंग की समस्या के कारण 2022 में बंद कर दिया गया था। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नवंबर 2024 में एक्स पर भारत के पहले वर्टिकल लिफ्ट रेलवे सी ब्रिज के बारे में पोस्ट किया था। उन्होंने कहा था कि 1914 में निर्मित पुराने पंबन रेल



पुल ने 105 वर्षों तक मुख्य भूमि को रामेश्वरम से जोड़ा। दिसंबर 2022 में जंग लगने के कारण इसे बंद कर दिया गया। इसके स्थान पर अब आधुनिक न्यू पंबन ब्रिज तैयार हो रहा है, जो कनेक्टिविटी के एक नए युग की शुरूआत करेगा।

यह पुल 2.5 किलोमीटर से ज्यादा लंबा है और इसे रेल विकास निगम लिमिटेड ने 535 करोड़ रुपये की लागत से बनाया है। वैष्णव ने एक्स पर लिखा था कि इसे तेज गति से चलने वाली ट्रेनों और बढ़े हुए ट्रैफिक को संभालने के लिए डिजाइन किया गया है। नया पंबन ब्रिज सिर्फ काम का नहीं है, यह प्रगति का प्रतीक है, जो लोगों और जगहों को आधुनिक इंजीनियचरग से जोड़ता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 100 दिवसीय सघन अभियान ने 'टीबी मुक्त भारत' के लिए मजबूत आधार तैयार किया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई में उल्लेखनीय प्रगति देखी जा रही है। भारत जहां इस वर्ष दुनिया के सबसे घातक संक्रमण टीबी को खत्म करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा की टिप्पणियों को साझा करते हुए कही, जिसमें उन्होंने स्थानीय और सामुदायिक पहल की मदद से टीबी के खिलाफ लड़ाई में भारत द्वारा की गई प्रगति और इसे जन आंदोलन बनाने पर बात की। भारत का लक्ष्य वैश्विक लक्ष्य से पांच साल पहले यानी 2025 तक टीबी को खत्म करना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले साल दिसंबर में 100 दिनों का गहन टीबी मुक्त भारत अभियान शुरू किया था।

## संपादक की कलम से

# पीएम की ईदी

प्रधानमंत्री मोदी मुसलमानों में ईदी की सौगात बंटवा रहे हैं। इसे सौगात-ए-मोदी नाम दिया गया है। सौगात के तौर पर एक विशेष किट में महिलाओं के सूट का कपड़ा, मर्दों के लिए कुर्ता-पायजामा, सेवइयां, खजूर, मेवे, चीनी और चावल रखे गए हैं। किट पर प्रधानमंत्री मोदी का चित्र प्रमुखता से उसी तरह छापा गया है, जिस तरह मुफ्त अनाज वाली योजना के बैग पर छपा है। अलबत्ता प्रधानमंत्री के साथ भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कुछ टोपीधारी मुस्लिम चेहरे भी छापे गए हैं। किट पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का नाम भी छपा है। प्रधानमंत्री के इस प्रयास के जरिए भाजपा की निगाहें 32 लाख गरीब मुसलमानों पर टिकी हैं। पार्टी के करीब 32,000 पदाधिकारी इतनी ही मस्जिदों के संपर्क में हैं, ताकि पात्र मुसलमान को चिह्नित किया जा सके। सच्चर कमेटी की रपट के मुताबिक, करीब 32 फीसदी मुसलमान अनपढ़ और 30 फीसदी गरीब हैं। मुसलमानों में पसमांदा समुदाय है, जिसके 80 फीसदी से अधिक लोग गरीब बताए जाते हैं। प्रधानमंत्री भी अक्सर पसमांदा मुसलमानों का जिक्र करते रहे हैं। उस लिहाज से 32 लाख मुसलमानों को ईदी देना बहुत कम संख्या है। फिर भी एक ऐसा प्रयास किया जा रहा है, जो भाजपा और आरएसएस को भी बहुत पहले करना चाहिए था। प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास नारा भी कितना चरितार्थ होगा, इसका आकलन ईद के बाद किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने 13 अप्रैल को बैसाखी और 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे के दिन भी ऐसी ही किट बांटने का निर्णय लिया है। सवाल है कि सौगात-ए-मोदी के जरिए देश की करीब 15 फीसदी आबादी के एक तबके को राजनीतिक, सामाजिक और सामुदायिक तौर पर भाजपा के साथ जोड़ा जा सकता है? मुसलमान जनसंघ के दिनों से ही इस हिंदूवादी विचारधारा की पार्टी के खिलाफ रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा-एनडीए को देशभर में औसतन 10 फीसदी मुस्लिम वोट मिले थे, जबकि विपक्ष के इंडिया गठबंधन के पक्ष में 65 फीसदी मुसलमानों ने वोट दिए थे, लेकिन गुजरात में भाजपा के पक्ष में 29 फीसदी मुस्लिम वोट आए थे। यहां इंडिया को 59 फीसदी वोट मिले थे। यह प्रतिशत राजस्थान और दिल्ली के चुनावों में भी बढ़ा। प्रधानमंत्री मोदी की 11 साला सत्ता के दौरान औसतन 8 फीसदी मुस्लिम मत ही भाजपा की झोली में आते रहे हैं। हालांकि प्रधानमंत्री आवास योजना में 1.30 करोड़ लाभार्थी मुसलमान हैं। किसान सम्मान राशि योजना में भी करीब एक-तिहाई लाभार्थी मुसलमान ही हैं। तीन तलाक सरीखा आपराधिक कानून मोदी सरकार ने ही पारित कराया था, जिसके जरिए मुस्लिम औरतों की गरिमा, प्रतिष्ठा और शादीशुदा जिंदगी को एक कानूनी आयाम मिला। मोदी सरकार की कई योजनाएं मुसलमानों पर ही केंद्रित हैं, लेकिन उस अनुपात में मुसलमानों ने भाजपा को चुनावी समर्थन नहीं दिया है। कांग्रेस ने सौगात-ए-मोदी को एक छलावा, फेंका हुआ टुकड़ा करार दिया है।



ललित शर्मा
संपादक

# सादा जीवन उच्च विचार, भारतीय संस्कृति की हमेशा से ही नींव रही है




गोंदिया

कुदरत द्वारा रचित सृष्टि की 84 लाख योनियों में सबसे अनमोल बौद्धिक क्षमता का अभूतपूर्व खजाना धारे मानवीय योनिं नें सृष्टि में अभूतपूर्व बौद्धिक क्षमता का प्रयोग कर इस सृष्टि को कहां से कहां पहुंचा दिया है। सूर्य, चंद्रमा, अग्नि, बारिश जैसे प्राकृतिक और कुदरती रचनाओं को भी आर्टिफिशियल बना दिया है,इतना ही नहीं एक आर्टिफिशियल रोबोट मानव भी बना दिया है बस अब एक कमीं रह गई है जो मानवीय मृत शरीर में जान फुकना और आर्टिफिशियल प्राकृतिक बच्चे प्रौद्योगिकी की तकनीकी पर बनाकर उसमें जान फूककर जन्म देना रह गया है, जो मेरा मानना है कि मानवीय जीव यह कभी नहीं कर सकेगा।धन, माया, नाम शोहरत की खातिर मानव ने अपने चोबीस घंटे उसमें लगा दिए हैं जिसमें अपने जीवन को भारी तनावग्रस्त के समंदर में झोंक दिया है परंतु संतुष्टि फिर भी नहीं मिलेगी क्योंकि यह मार्ग ऐसा है कि इस पथ पर फिसलता ही चला जाता है और अंतिम लम्हों में सादा और सहज जीवन जीने की याद आती है तबतक सब कुछ निकल चुका होता है।

साथियों बात अगर हम मानवीय जीव की अभूतपूर्व प्रगति की करें तो इस विचारधारा ने अनेक सुख सुविधाओं के साथ दुख, तकलीफों को भी जन्म दिया है जिसका जीता जागता उदाहरण है वर्तमान जलवायु परिवर्तन से होने वाली विनाशकारी तबाही, जिसके पीड़ित मानव के हृदय में यही बात आती है कि हमने प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया है अब प्रकृति हमारे साथ खिलवाड़ कर रही है,और मानसिक विचारधारा सादा जीवन उच्च विचार की ओर लौटने की सोच को रेखांकित करती है।

साथियों बात अगर हम सादा जीवन उच्च विचार की करें तो यह सहज सरल जीवन की कुंजी है। सादगी से व्यक्ति के कार्यों में गुणवत्ता, चेतना आती है। दृष्टिकोण में स्पष्टता, इच्छाओं का सही प्रबंधन कर संतुष्टि से खुशियों के द्वार खुलते हैं। मानव में दयालुता, सुविचार, मानवता, नम्रता झलकती है ऐसे मानवके समीप विक्कार जैसे द्वेष, अभिमान अहम, अहंकार जैसे अनेक विकारों को भी आने से डर लगता है क्योंकि यह रेखांकित करने वाली बात है कि जहां सादा जीवन रहेगा वहीं उच्च विचारों, गुणवत्ता, चेतना, संतुष्टि का निवास हो जाता है और जीवन सहज, सरलता खुशियों से लबालब हो जाता है।

साथियों बात अगर हम सादा जीवन उच्च विचार के अर्थ को समझने की करें तो,सादा जीवन का अर्थहै अपनी सीमित आवश्यकताओं के अनुसार, न कि अपने असीमित लालच के अनुसार। सारा तनाव और तनाव इस सूत्र का पालन न करने का परिणाम है।आध्यात्मिक जीवन सादा जीवन उच्च विचार के अलावा और कुछ नहीं है। भगवत गीता कहती है कि सादा जीवन और उच्च विचार ही आर्थिक समस्याओं का समाधान है। जो व्यक्ति सादा जीवन जीने में विश्वास रखता है, वह न तो अपने लिए और न ही दूसरों के लिए समस्याएँ खड़ी करता है। जो व्यक्ति उच्च विचारों में लीन रहता है, वह वास्तव में निस्वार्थ व्यक्ति बन जाता है।




साथियों बात अगर हम सहज, सरल जीवन की करें तो बड़े -बुजुर्गों के मुंह से सुनते आए हैं- जीवन में शांति जरूरी है और शांति से रहना अपने हाथ में है। शांति तभी मिल सकती है, जब जीवन सरल हो। कन्फ्यूशियस का कथन है- जीवन बेहद सरल है लेकिन हम उसे जटिल बनाने पर आमादा रहते हैं। भारतीय संस्कृति में तो वैसे भी हमेशा से सादा जीवन उच्च विचारों को अहमियत दी गई है। यूं भी कोई अस्त-व्यस्त, भ्रमित, दुविधाग्रस्त और दबाव में नहीं रहना चाहता। भीड़ चाहे लोगों की हो या वस्तुओं की, इच्छाओं की हो या अपेक्षाओं की, व्यक्ति की एकाग्रता को भंग करती है और उसे जीवन के अधिक महत्वपूर्ण कार्यों के प्रति उदासीन बनाती है। भीड़ में खुद को गुम होने से बचाने का प्रयास ही सहज-सरल जीवन की कुंजी है।

साथियों बात अगर हम सादगी की करें तो, सादगी का सबसे बड़ा लाभ यह है कि व्यक्ति के कार्यों में गुणवत्ता आती है। जैसे ही उसके भीतर यह चेतना आती है कि जीवन में क्या और क्यों महत्वपूर्ण है, वह इच्छाओं का सही प्रबंधन करने लगता है। इससे दुविधाएं कम होती हैं और दृष्टिकोण में स्पष्टता आती है। समय-समय पर अपनी जरूरतों और इच्छाओं का आकलन करना जरूरी है। कई बार ऐसा भी होता है कि जिस चीज से आज सुविधा महसूस होती है, वही भविष्य में असुविधा का कारण बन जाती है। हो सकता है, बड़ा घर लेना आज किसी की ख्वाहिश हो मगर उम्र बढ? के साथ यही घर असुविधाजनक हो सकता है क्योंकि वह इसका रखरखाव अच्छी तरह करने में असमर्थ होता है। साथियों बात अगर हम सादा जीवन उच्च विचार की करें तो, यह कहावत हमें सिखाती है कि हम अपने जीवन को और भी मूल्यवान बना सकते हैं सिर्फ व्यर्थ के धन और सामान आदि चीजों को नजरंदाज करके। ये हमें सच्ची खुशी और आतंरिक संतुष्टि प्रदान करता है।ये यह भी बताता है कि सच्ची खुशी हमारे विचारों में ही होती है ना कि किसी और चीजों में। ये हमें प्रेरित करती है कि हम अपनी जड़ों को पहचाने और किसी भी तरह के समृद्धि पाने वाले कार्य को नजर अंदाज करें। जीवन का सही मूल्य हमारे भौतिकवादी अधिग्रहण में नहीं है, बल्कि यह वह है जिसमें हम सोचते हैं, करते हैं, और प्रतिदिन हम कितने जीवन को छूते हैं।सादा जीवन उच्च विचार' यह कहावत हमें इस बात के लिए प्रोत्साहित करती है कि हम अपने जीवन को समृद्ध के बजाय अधिक सार्थक बनायें। यहाँ जीने के साधारण तरीके से मतलब है जीवन जीने का एक सरल और गैर-महंगा मानक। हमें केवल सिर्फ उन चीजों के लिए ही चिंता करनी चाहिए जो हमारे जीवन के लिए बेहद आवश्यक है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सादा जीवन उच्च विचार भारतीय संस्कृति की हमेशा से ही नींव रही है।सादा जीवन उच्च विचार सहज सरल जीवन की कुंजी है।सादगी से व्यक्ति के कार्यों में गुणवत्ता,चेतना आती है।दृष्टिकोण में स्पष्टता, इच्छाओं का सही प्रबंधन कर संतुष्टि से खुशियों के द्वार खुलते हैं।

## वो कल था हमारा

उदय किशोर साह

कविता



बचपन कितना सुन्दर था नजारा
यादें आती है जो कल था हमारा
ना थी चिन्ता ना किसी से दुश्मनी
दोस्तों में सजती थी महफिल जॉनी

गाँव जवार के खेत और खलिहान
घूमने जाते थे कभी शाम विहान
सूरज की लालिमा आकर जगाती
नीली अबंर पे धूप जब खिल आती

अमुवां की डाली पे कोयल की कूक
निशाने पे पत्थर फेंक ना होती थी चूक
बरगद की छाया में गरमी लगती सुहानी
गाँव जवार में थी अपनी एक कहानी

सरिता के छाती पर नाव बन नाविक
खेते थे हम सब मिल कर बन मालिक
देर रात तक चलता था गाना बजाना
ढोल हारमोनियम पर चलता था ताना

गीली डंडा का खेल में थे हम माहिर
तैरना भी होता था जो कल थे कायर
घुड़सवारी का था शौक अपन पुराना
सिखलाया था सब को अपने थे नाना

लुका छिपी जब होता था अपना खेल
हारा खिलाड़ी का होता था तब मेल
पतंग उड़ाने जब जब हम जाते
दोस्तों के संग खुब धागा हम लाते

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# संविधान के नाम पर कांग्रेस का दोहरा रवैया दुर्भाग्यपूर्ण



ललित गर्ग

कांग्रेस एक बार फिर संविधान को लेकर विवादों से घिर गयी है। संविधान के संबंध में कांग्रेस का दोहरा रवैया एवं चरित्र एक बार फिर देश के सामने आया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अक्सर हाथ में संविधान की प्रति लेकर भाजपा पर इसे बदलने का आरोप लगाते रहे हैं। लोकसभा चुनाव के समय अपनी हर सभा में इस आरोप को दोहराते रहे कि अगर भाजपा फिर से सत्ता में आई तो संविधान बदल कर आरक्षण खत्म कर देगी, इसका भाजपा को नुकसान भी उठाना पड़ा है, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि भाजपा पर संविधान बदलने का आरोप लगाने वाली कांग्रेस आज खुद संविधान बदलने की बात कर रही हैं। दरअसल, कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार ओबीसी कोटा के तहत पिछड़े मुस्लिमों को आरक्षण देने जा रही है, सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में मुसलमानों को 4 प्रतिशत आरक्षण के संदर्भ में जब उप- मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार को यह याद दिलाया गया कि संविधान के तहत मजहब के आधार पर आरक्षण देना मुमकिन नहीं है, तब उन्होंने इशारा किया कि आरक्षण देने के लिए जरूरी बदलाव किए जाएंगे। शिवकुमार के इस बयान के बाद कर्नाटक से लेकर दिल्ली तक फिर संविधान बचाने का सियासी अभियान हावी हो गया है। इस बार भाजपा आक्रामक है और उसने फिलहाल इसे एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। इस वर्ष बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव का यह अहम मुद्दा बन जाये तो कोई आश्चर्य नहीं है।

मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये कांग्रेस सरकारें अपने-अपने राज्यों में अतिश्योक्तिपूर्ण घोषणाएं एवं योजनाएं लागू करती रही हैं, कर्नाटक में भी वहां के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने सरकार का बजट पेश करते हुए मुस्लिमों के लिए कई घोषणाएं की। सीएम ने एलान किया कि सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों में से 4 प्रतिशत अब श्रेणी-ष्र्बी के तहत मुसलमानों के लिए आरक्षित होंगे। सरकार ने कहा कि मुस्लिम लड़कियों के लिए 15 महिला कॉलेज खोले जाएंगे। इसका निर्माण वक्फ बोर्ड की ही जमीन पर किया जाएगा, लेकिन सरकार इस पर पैसा खर्च करेगी। मौलवियों को 6000 मासिक भत्ता देने की भी व्यवस्था इस बजट में की गई है। कर्नाटक सरकार के बजट में दलितों और पिछड़ों के कल्याण के लिए समुचित बजट आवंटित नहीं हुआ लेकिन मुस्लिम तुष्टिकरण के चलते मुस्लिमों के लिये लुभावना बजट आवंटित किया गया है। जबकि सरकारों का काम किसी धर्म एवं समुदाय विशेष का तुष्टिकरण न होकर सभी समुदायों का पुष्टीकरण होना चाहिए। जब संविधान में धर्म आधारित आरक्षण का निषेध किया गया है तो फिर जानबूझकर कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा इसे सूचीबद्ध करके विधि सम्मत क्यों बनाया जा रहा है?

दरअसल, भाजपा और कांग्रेस, दोनों देश की प्रमुख पार्टियों को यह एहसास हो चला है कि संविधान इस देश में बहुत संवेदनशील विषय है और इस पर लोग कतई समझौता नहीं करेंगे। संविधान केवल न्यायिक या वैधानिक दस्तावेज नहीं है, बल्कि वह भारत की जनता की आशाओं एवं आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। इस अर्थ में यह देश के जन-जन के मन का दस्तावेज है। संविधान भारत में सभी नागरिकों के लिए दिग्दर्शक तत्व है। इसलिए, प्रश्न यह उठता है कि जब संविधान इतना स्पष्ट है तो क्या संविधान की मूल भावना पर केवल राजनीतिक स्वार्थ के लिए आघात करना स्वस्थ लोकतंत्र का लक्षण है? दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस पवित्र ग्रंथ पर भी विपक्षी दल एवं कांग्रेस अत्यंत निकृष्ट राजनीति करती जा रही है। जो कांग्रेस शासन में रहते हुए कभी संविधान का सम्मान नहीं कर सकी, वह आज विपक्ष में बैठकर यह भ्रम फैलाने में लगी है कि मोदी सरकार संविधान को खत्म कर देगी। सच तो यह है कि कांग्रेस जैसे दल आज अपने मूल राजनीतिक विचार को खो बैठे हैं। कांग्रेस अपने गांधीवादी विचार और समाजवादी पार्टी जैसे दल समाजवाद और राम मनोहर लोहिया के मूलभूत विचारों को भूल चुके हैं। संविधान को आधार बनाकर विपक्षी दल जनता को विभाजित करने, मुस्लिम तुष्टिकरण एवं राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने बाज नहीं आ रहे हैं। आश्चर्य नहीं, कांग्रेस ने संविधान को लेकर जो हथियार चलाया था, वही हथियार कर्नाटक में स्वयं कांग्रेस के विरुद्ध चला गया है। अब इससे होने वाले नुकसान का भान होते ही कांग्रेस तत्काल बचाव में लग गई।







वैसे, शिवकुमार के स्पष्टीकरण के बावजूद भाजपा इस मुद्दे पर निशाना साध रही है, तो संकेत साफ है, वह सियासत का मौका जाने नहीं देना चाहेगी। वह संविधान बदलने और न बदलने पर फिर से गर्म हुई राजनीति को ठंडा नहीं होने देगी। बीते लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा निशाने पर थी, वहीं इस बार कांग्रेस निशाने पर आ गई है। लोकसभा-राज्यसभा में एवं इस वर्ष बिहार में होने वाले चुनावों में भाजपा कांग्रेस पर आक्रामक रहेगी। अब तो तीर कमान से निकल चुका है, भले ही अब कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिवकुमार सफाई देने में लगे हैं कि उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया और वह संविधान में बदलाव का प्रस्ताव कभी नहीं रखेंगे। स्पष्ट है कि हमारा संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण का पक्षधर नहीं है। डॉ. भीमराव आंबेडकर भी ऐसे आरक्षण के हिमायती नहीं थे। संविधान सभा में एकमत के साथ यह तय हुआ था कि धर्म के आधार पर कोई आरक्षण नहीं दिया जाएगा। अब अगर ऐसे आरक्षण की जरूरत पड़ने लगी है, या कांग्रेस मुसलमानों के वोट बैंक को अपने पक्ष में करने के लिये आरक्षण का हथियार चलाती है तो संविधान में संशोधन तो करना ही होगा। अपने आजाद देश में जरूरतमंदों को आरक्षण देने के लिए करीब 12 बार संविधान में संशोधन किए गए है और मुस्लिमों को महज मजहबी बुनियाद पर आरक्षण देने के लिए भी ऐसी जरूरत पड़ेगी।

गांधी परिवार के अत्यंत करीबी कर्नाटक के डिप्टी सीएम के बयान को सुनकर लोग हैरत में हैं। लोग संविधान के खिलाफ धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कांग्रेस की कोशिश का विरोध कर रहे हैं। धर्म के आधार पर मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने कर्नाटक में संविधान की धज्जियां उड़ा दी है।ह्ल कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण के लिये देश को दांव पर लगाती रही है। एक बार फिर उसकी इस कोशिश से उसका असली चेहरा देश के सामने आया है। कांग्रेस भारत के संविधान के साथ खिलवाड़ कर रही हैं, मुस्लिम आरक्षण को संविधान में जगह देकर संविधान निमार्ता बाबा साहेब अंबेडकर के खिलाफत की जा रही है।

मुस्लिमों को आरक्षण असंवैधानिक हैं। कांग्रेस बार-बार मुस्लिम आरक्षण की वकालत कर संविधान की मूल भावना को चुनौती दे रही है। मुस्लिम वोटबैंक के लिए ऐसा किया जाना संविधान की मूल भावना से खिलवाड है। राहुल गांधी एवं कांग्रेस पार्टी का रवैया आरक्षण को लेकर समय-समय पर बदलता रहा है। कभी उसने संविधान संशोधन की बात की, तो कभी आरक्षण का विरोध किया, तो कभी धर्म के आधार पर आरक्षण देने के प्रयास भी किए। आपातकाल के काले दौर में कांग्रेस द्वारा ऐसा भी किया गया, जब इंदिरा गांधी सरकार ने संविधान की मूल प्रस्तावना ही बदल डाली। कांग्रेस नेता संविधान की किताब जेब में रखते हैं, लेकिन इसे कमजोर करने के लिए हरसंभव कोशिश भी करते हैं। अब कांग्रेस अध्यक्ष को पार्टी की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और देश को बताना चाहिए कि कांग्रेस मुसलमानों को आरक्षण देने के लिए संविधान में बदलाव क्यों करना चाहती है?

कांग्रेस का रवैया हर प्रकार से संविधान विरोधी ही रहा है। संविधान को कमजोर करने वाले अनेक प्रयास कांग्रेस समय-समय पर करती आई है। कांग्रेस द्वारा अपने शासनकाल में इस पर संशोधन लाने का प्रयास किया गया कि सरकार संविधान में क्या-क्या परिवर्तन कर सकती है? स्पष्ट है कि कांग्रेस के लिए हमारा संविधान केवल सत्ता को साधने का एक उपकरण मात्र रहा है, संविधान के प्रति सम्मान की भावना कांग्रेस के चरित्र में नहीं है। जबकि वर्ष 2014 में सत्तारूढ़ होने के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार संविधान के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय की संकल्पना को पूरा करने के लिए प्रयासरत है। भारतीय संविधान और लोकतंत्र को सुदृढ़ करने की मंशा से प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अनेक कदम उठाए गए हैं।

# पदभार संभालने से पहले कार्यालय के प्रवेश द्वार पर नतमस्तक हुए महापौर प्रवीण पोपली

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) :** नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर प्रवीण पोपली ने विधिवत रूप से महापौर का पदभार संभाला। इससे पहले नगर निगम कार्यालय के प्रवेश द्वार पर नतमस्तक होकर माथा टेका। महापौर के पहुंचने पर निगमायुक्त नीरज सहित तमाम अधिकारियों ने बुके देकर महापौर का स्वागत किया। महापौर के पदभार कार्यक्रम के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल गुप्ता, निगमायुक्त नीरज, प्रदेश महामंत्री भाजपा सुरेन्द्र पूनिया, जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, जिला उपाध्यक्ष रणधीर सिंह धीरू, प्रदेश प्रमुख दस्तावेजी करण भाजपा हिसार प्रवीन जैन, रामनिवास राड़ा भाजपा नेता, जगदीश जिन्दल सहित महापौर का परिवार व सभी पार्षद व भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

पदभार संभालने के बाद महापौर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पिछले दिनों प्रचंड बहुमत से जीत दिलाकर शहर की जनता ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा कि 25 मार्च मंगलवार को हमारा शपथ ग्रहण समारोह पंचकुला में था जिसमें मैंने व पार्षद ने शपथ ली। आज पदभार ग्रहण करने के अवसर पर शहर के बड़ी संख्या में आशीर्वाद देने पहुंचे उनका में धन्यवाद करता हूं। मीडिया के माध्यम से शहर की जनता का धन्यवाद किया। पद ग्रहण करने के अवसर पर महापौर प्रवीण पोपली ने कहा कि पूरा हिसार नगर निगम क्षेत्र मेरा परिवार है, मैं पूरे निगम क्षेत्र को अपना परिवार मानते हुए मुझे जो प्रथम नागारिक का दायित्व दिया दायित्व का निर्वहन करते हुए नगर निगम क्षेत्र की जनता की मुलभूत सुविधाओं को देने का पूरा प्रयास करूंगा। नगर निगम में आने के बाद अधिकारियों व कर्मचारियों के रूप में मुझे एक परिवार और मिल गया। इसके साथ-साथ ही मुझे 20 पार्षदों का साथ मिला हैं, इन सभी साथ मिलकर शहर को आदर्श शहर बनाना है। उन्होंने कहा कि मेरा ध्येय मेरा हिसार-मेरा स्वाभिमान पर हम काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की कर्मठता के साथ शहर को विकास के पथ पर लेकर जाएंगा। उन्होंने कहा कि मेरी देशवासियों से अपील हैं नगर निगम में व्यवस्था को सुधारने के लिए सुझाव दे उनको ध्यान में रखते हुए आगामी कार्य योजना बनाई जाएगी।

पत्रकारों के सफाई के सवाल पर महापौर ने कहा कि कुछ शिकायतें मेरे पास भी आई हैं इसके लिए मैंने अधिकारियों से बात की इसका समाधान जल्द करेंगे।

## नेत्र जांच शिविर में दवाईयां व चश्मा निःशुल्क रोगियों को दिए : कशिश



**हांसी** । आखों की समय समय पर डाक्टरों से जांच करवानी चाहिए ताकि कोई बिमारी हो उसका तुरन्त उपचार करने में कभी कौताही नही करनी चाहिए । यह बात स्थानीय उमरा गेट पर स्थित ढींगराऑप्टिकल द्वारा निःशुल्क आखों की जांच शिविर पर दिल्ली एम्स नेत्र चिकित्सक डाक्टर हिमांशु ढींगरा ने कही । उन्होंने कहां आज के समय में मोबाइल का प्रयोग युवक लगातार न करें कुछ रुक रुक करें । ढीगडा ने कहां कि हमें स्वस्थ आहार विटामिन ए, सी और ई, ओमेगा -3 फैटी एसिड और जिंक जैसे षोषक तत्व शामिल हो, नेत्र स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता हैं । उन्होंने युवकों से कहा कि धूम्रपान व अल्कोहल से दूर रहे । शिविर के आयोजक कशिश ने बताया कि करीब 250 मरीजों की नेत्र की जांच की गई व दवाईयों व चश्में निःशुल्क वितरित किए गए । भविष्य में समय समय पर ऐसे शिविर लगते रहेंगे ।

# नगरपंचायत सभागार में संचारी रोग के बारे में किया गया जागरूक

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर**। संचारी रोग नियंत्रण एंव दस्तक अभियान को लेकर नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग, सभासद व नगरपंचायत कर्मचारियों की बैठक अधिशाषी अधिकारी वैभव सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचारी रोग नियंत्रण एंव दस्तक अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा कर इसकी रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

बैठक में आये स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राजेश सिंह एंव ब्लाक मोबिलाईजेशन व कोआर्डिनेटर अभिमन्यू पाल ने अभियान को लेकर चर्चा करते हुये बताया कि गर्मी आगयी है बरसात आयेगी ऐसे में हमे संचारी रोग से बचाव की आवश्यकता है ।लोगों को साफसफाई पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है ।इस बात का ध्यान रहे कि कहीं भी पानी इकट्ठा न होने पाये ।अगर पानी इकट्ठा होगा तो मच्छरों का प्रकोप बढ़ेगा ।जिससे बुखार, मलेरिया आदि जान लेवा बीमारियों के खतरे बढ़ जाते हैं ।उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि नगर में साफसफाई करने के साथ ही लोगों को जागरूक भी करते रहें ।लोगों को साफ सफाई करने को लेकर जागरूक करने के साथ ही बुखार होने पर लापरवाही न बरतने व तत्काल इलाज के लिए प्रेरित करें ।जहां गंदगी व जल भराव हो उसका आकलन कर उसकी सफाई की व्यवस्था करने पर जोर दिया जायेगा ।अधिशाषी अधिकारी वैभव सिंह ने कहा कि नगर को स्वच्छ व साफ रखना हमसब की जिम्मेदारी बनती है ।उन्होंने सफाई कर्मियों से कहा कि सभी नाली व नाले साफ रहें ।गंदगी न होने पाये ।सफाई पर विषेध ध्यान दें ।उन्होंने नगरवासियों से अपील की है नगर को साफ रखें, कूड़े को कूड़ेदान में रखें ।जिससे अभियान को सफल बनाया जा सके। इस दौरान लिपिक स्वास्थ्य अधिकारी राजेश सिंह, अभिमन्यु पाल, लिपिक संजय दूबे, सभासद अवधेश सिंह, सभासद मेहदीहसन, सभासद अब्दुल कलाम, सभासद अतुल श्रीवास्तव, सभासद अमीर कादरी, सभासद चंदन सैनी, सुहेल अख्तर, मोहम्मद असअद, विशाल सिंह, आलोक कुमार, विशाल बर्मा, प्रदीप कुमार, अजय सिंह बर्मा, गुड्डी आदि मौजूद रहे।

# कोशल एवं व्यवसाय मेला शिविर में किया जागरूक



वेलकम इंडिया

**हाथरस**। मंचाशीन अथितियों में बाल कल्याण समिति न्याय पीठ के सदस्य विनोद चौधरी ने कहा कि महिलाओं को अपनी दिशा यानी रोजगार का सही से चयन करके अपने कोशल के माध्यम से अपनी पहचान बनाने में सफल हो रही है, परिवार की सहमति से आजीविका चलाने में मदद कर रही है, कार्यक्रम में उधमियों को और सांस्कृतिक नृत्य करने वाली बच्चियों को मैडल देकर सम्मानित किया गया, अतिथियों को भी शील्ड मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, इस दौरान संस्था के सभी कार्यकर्ता फूलचंद गुर्जर, महिपाल सिंह, भानु सिंह सोनू शेखावत, मनीषा यादव पूनम उपाध्याय, आरती, छवि ने कार्यक्रम में भाग लिया। मंचशीन अथितियों में विनोद चौधरी बाल कल्याण समिति न्याय पीठ ,रितु सेंगर एस आई व अन्य संघटन के पदाधिकारि मौजद रहें।

# सभी किसानों को कर्ज से मुक्त कराने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा



वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा

हापुड़ जनपद के जिलाधिकारी कार्यालय पर भारतीय यूनियन असली अराजनैतिक संगठन में प्रदेश अध्यक्ष हाजी कलवा और उनकी टीम द्वारा बुधवार को जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना देकर ज्ञापन दिया और मांग की एमएसपी गारंटी कानून लागू करो ।पंजाब में एसकेएम एनपी किसानों की रिहाई सभी किसानों को कर्ज मुक्त करो ।इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष हाजी कलवा, प्रदेश उपाध्यक्ष वरिष्ठ कुलदीप सिंह, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष शेर खान, प्रदेश महामंत्री मनीष चौधरी, जिला अध्यक्ष मेरठ विनीत भड़ाना, जिला अध्यक्ष हापुड़ नन्द राम, मंडल अध्यक्ष मेरठ कमलेश देवी महिला मोर्चा, प्रदेश संगठन मंत्री नदीम खान, मेरठ मंडल उपाध्यक्ष सलीम भाई व प्रदेश अध्यक्ष प्रतिनिधि गुलशन यदुवंशी एवं सभी साथी लोग मौजूद रहे।

# 29व30मार्च को सन्तकबीर अकादमी के प्रेक्षाक्ष गृह में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर**। सद्गुरु कबीरचौरा परिसर स्थित संतकबीर अकादमी के प्रेक्षा गृह में आगामी 29व30मार्च की शाम 6बजे से पर्यटन एवं सांस्कृतिक विभाग लखनऊ के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम के निर्देशन में पर्यटन व सांस्कृतिक विभाग लखनऊ उत्तरप्रदेश द्वारा आयोजित निर्गुण त्रिधारा भक्ति उत्सव के अंतिम पड़ाव के अवसर पर निर्गुण गायन, कबीर भजन की प्रस्तुति के साथ ही विभिन्न विद्यालयों/महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों के बच्चों द्वारा चित्र कला/प्रश्नोत्तरी, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे ।उक्त आशय की जानकारी संतकबीर अकादमी के निदेशक अतुल द्विवेदी ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

आगे बताया कि अंतिम पड़ाव के अवसर पर पहले दिन 29मार्च दिन शनिवार को सायं 6बजे से निर्गुण भक्ति के मशहूर गायक दयाराम सलोरिया मध्यप्रदेश, कबीर भजन डाक्टर हरिशरण शास्त्री मगहर, लोकगीत व भजन वीना राना लखनऊ के द्वारा विभिन्न निर्गुण भक्ति गीत, कबीर भजन की प्रस्तुति की जायेगी ।साथ ही विभिन्न विद्यालयों/महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों के बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे ।पड़ाव के अंतिम दिन 30मार्च दिन रविवार को विभिन्न विद्यालयों/ महाविद्यालयों /विश्वविद्यालयों के बच्चों के बीच प्रश्नोत्तरी, चित्र कला, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

# उप मुख्यमंत्री का हेलीपैड पर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत-वंदन-अभिनंदन करते सरदार पतविंदर सिंह



**प्रयागराज**/उप मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश केशव प्रसाद मौर्य जनपद प्रयागराज में प्रदेश सरकार की सेवा–सुरक्षा एवं सुशासन की नीतियों के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने पर हेलीपैड पुलिस लाइन प्रयागराज में पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत–वंदन–अभिनंदन करते क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र सरदार पतविंदर सिंह को सौभाग्य प्राप्त हुआ।

# हैप्पी ऑल पब्लिक स्कूल को मिली एक और सफलता

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर**। लोहरौली बाजार स्थित हैप्पी ऑल पब्लिक स्कूल के छात्र सत्यम पुत्र सुरेश चंद्र ने नवोदय विद्यालय की स्कूल प्रवेश परीक्षा में शानदार कामयाबी हासिल किया है। उन्होंने कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा को उत्तीर्ण कर स्कूल, टीचर्स, क्षेत्र तथा अपने माता पिता का नाम रौशन किया है। सत्यम की इस सफलता पर उनके परिवार एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है । हैप्पी ऑल पब्लिक स्कूल के अध्यापकों ने बच्चे एवं उनके माता पिता को मिठाई खिलाकर बच्चे का उत्साहवर्धन किया । इस अवसर पर हैप्पी ऑल पब्लिक स्कूल लोहरौली के प्रबंधक मकसूद अहमद नदवी, एनआईसी के प्रिंसिपल मुजीबुल्लाह, एआरसी डिग्री कॉलेज के मैनेजर शमशेर अहमद, मास्टर जफीर अली कर्खी, कांग्रेस पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी परवेज अख्तर, मास्टर निसार अहमद, वजहुल कमर, मुहम्मद ईसा, करम हुसैन, मुहम्मद जाहिद, अमरीश पाण्डेय, जितेंद्र प्रजापति, खालिद कमाल, अरुणदेव सिंह, मसूद आलम, सुभाष चंद्र अग्रहरि, मुकामत हुसैन आदि ने सत्यम को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया ।

# एक आवासीय भवन सहित 6 भवनों को किया गया सील

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर**। निगम के राजस्व विभाग ने टैक्स वसूली के लिए बकायादारों के खिलाफ कुर्की और भवनों को सील करने का अभियान जारी रखा। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में एक आवासीय भवन सहित छह भवनों को सील किया गया। सील की कार्रवाई से बचने के लिए करीब आधा दर्जन बकायादारों ने दो लाख रुपये से अधिक की धनराशि मौके पर ही जमा करायी।

नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर कर निर्धारण अधिकारी श्रुति महेश्वरी के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम द्वारा अमन कॉलोनी में दो दुकान और एक आवासीय मकान सील किया गया। भवन संख्या एसी/3 में एक डेयरी व दो दुकान संचालित हैं। कर अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि इसके भवन स्वामी पर 2 लाख 61 हजार 677 बकाया था। कई बार नोटिस दिये जाने के बाद भी टैक्स जमा न कराने पर दोनों दुकानों को सील कर दिया गया। इसी कॉलोनी में भवन संख्या एसी/89 आवासीय मकान पर 33 हजार 803 रुपये बकाया था। जमा न किये जाने पर आवासीय भवन सील किया गया। इसके अलावा नूर बस्ती में भी 40 हजार रुपये से अधिक बकाया पर तीन दुकानों को सील किया गया। कर अधीक्षक ने बताया कि नेहरु मार्किट, माहीपुरा, जनता रोड, मटिया महल में भी करीब आधा दर्जन भवनों पर सील की कार्रवाई जैसे ही शुरू की गई।

# हापुड़ में सुरक्षा, सुशासन व नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम का फीता काटकर किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा



हापुड़ जनपद में जिला प्रशासन हापुड़ द्वारा प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मनोहर रीजेंसी गढ़ रोड हापुड में आयोजित कार्यक्रम के दूसरे दिन मा0 राज्य मंत्री, (स्वतंत्र प्रभार), व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास और उधमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश /प्रभारी मंत्री *श्री कपिल देव अग्रवाल जी* ने फीता काटकर किया शुभारंभ। इसके उपरांत मा0 प्रभारी मंत्री जी द्वारा कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। अवलोकन के उपरांत मा0 प्रभारी मंत्री द्वारा प्रत्येक प्रदर्शनी स्टॉल पर जाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी अवलोकन के उपरांत माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में *यूपी के उपयोगी 8 वर्ष रिपोर्ट कार्ड एवं उत्कर्ष के 8 वर्ष* नामक पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर स्कूली बच्चों एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा भेजी गई सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को आकर्षित किया ।कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल जी ने कहां की प्रदेश सरकार ने अपने 8 वर्ष सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की नीति को लेकर सफलतापूर्वक पूर्ण किए हैं ।उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में महिलाओं को पूर्ण सुरक्षा का वातावरण प्रदेश सरकार द्वारा मुहैया कराया जा रहा है उन्होंने प्रत्येक घर में गैस सिलेंडर, विद्युत कनेक्शन, हर घर जल योजना के तहत पानी की व्यवस्था, मातृत्व जननी योजना के तहत लाभान्वित तथा महिलाओं की गोद भराई रसम इत्यादि अन्य सुविधाएं प्रदेश सरकार द्वारा आम जनमानस को उपलब्ध कराई जा रही है।

# केन्द्र सरकार की 10 वर्ष तथा प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में द्वितीय सत्र का किया आयोजन

वेलकम इंडिया



**हाथरस**। केन्द्र सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियों तथा प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एमजी पॉलिटेक्निक हाथरस में आयोजित कार्यक्रम के द्वितीय दिवस के द्वितीय सत्र का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय तथा विधायिका सदर अंजुला सिंह माहौर की गरिमामई उपस्थिति में किया गया। प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना (आयुष्मान), राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन पर आधारित योजनाओं पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। राजकीय बालिका इं0का0 हाथरस की छात्राओं द्वारा बृज लोक नृत्य (आज फाग खेलन बरसाने आयो है नटवर नन्दकिशोर) तथा रामचन्द्र इंटर कॉलेज हाथरस की छात्राओं द्वारा बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं कविता की प्रस्तुति एवं जनपद हाथरस एवं अन्य जनपदों के कवियों/कवियत्रियों यथा अनिल बोहरे, सरदार सुखप्रीत सिंह, श्यामलाल चिंतन, दीपक रफी, मीरा दीक्षित, मनु दीक्षित, रूपम कुशवाहा आदि ने कविता पाठ एवं योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। विधायिका सदर अंजुला सिंह माहौर ने कहा कि प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा, सुशासन के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर सभी लोग सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी एवं आस्था से रूबरू हुये हैं। उन्होनें कहा कि सरकार के सुशासन नीतियों के कारण आज प्रदेश प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। जनता ने सोच लिया है जो भ्रमित करने का कार्य करेगें, उन्हें कैसे ठीक करना है। मा0 मोदी जी व मा0 योगी जी की सरकार की नीतियों की देख-रेख में किसान की आमदनी दोगुनी हुई है।

# स्व. श्री जगदीश कुमार मित्तल जी एवं श्रीमती सुमन मित्तल जी की पुण्य स्मृति में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** समाज सेवा एवं परोपकार की भावना को समर्पित स्व. श्री जगदीश कुमार मित्तल जी एवं श्रीमती सुमन मित्तल जी की पुण्य स्मृति में सेठ कन्हैयालाल धार्मिक ट्रस्ट के सौजन्य से कल्याणं करोति, मथुरा द्वारा श्रीजी बाबा चिकित्सा संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शिविर के समापन समारोह में कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्टजनों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

प्रिय घृति मित्तल ने अपने संबोधन में कहा, ह्लबचपन से ही हमने अपने बाबा स्व. श्री जगदीश कुमार मित्तल जी को सेवा करते देखा है। उनकी सेवा भावना से हमें भी प्रेरणा मिली कि हम समाज के जरूरतमंद लोगों के लिए कार्य करें। इस पुण्य अवसर पर शामिल होकर हमें अत्यंत आत्मिक सुख की अनुभूति हो रही है।

इस अवसर पर धनेश मित्तल (प्रबंध ट्रस्टी, सेठ कन्हैयालाल धार्मिक ट्रस्ट, मथुरा) ने कहा, ह्लसमाज सेवा का सबसे श्रेष्ठ रूप जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। यह नेत्र चिकित्सा शिविर दिवंगत आत्माओं को सच्ची श्रद्धांजलि है, जो जीवनभर सेवा के मार्ग पर चले। गोपाल प्रसाद अग्रवाल (भरतपुर वाले) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ह्लनेत्र ज्योति से वंचित व्यक्तियों की सहायता कर हम उनके जीवन में प्रकाश ला सकते हैं। यह आयोजन निश्चित रूप से समाज के लिए अनुकरणीय प्रेरणा देगा। मुकेश अग्रवाल एवं श्री रवि अग्रवाल ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ह्लइस प्रकार के आयोजनों से समाज में जागरूकता बढ़ती है और जरूरतमंदों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होती हैं। शिविर में दूर-दराज के अंचलों से आए 401 नेत्र रोगियों का नेत्र परीक्षण किया गया, जिनमें से 120 रोगियों के मोतियाबिंद ऑपरेशन संपन्न किए गए। समापन समारोह में नेत्र रोगियों को निःशुल्क दवा वितरित की गई। कार्यक्रम में गणमान्य अतिथियों में सात्विक उपाध्याय, महेश चंद्र अग्रवाल (कसेरे), रामनिवास अग्रवाल (टोंटी वाले), सारिका अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, भारत भूषण, राजेश मित्तल, नीता मित्तल, सन्देश मित्तल, सुभाष सक्सेना (उ.प्र. प्रदूषण सलाहकार) सहित अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित रहे। समापन समारोह में नेत्र रोगियों को निःशुल्क दवा वितरण किया गया अंत में श्री सुनील कुमार शर्मा ने समस्त अतिथियों, चिकित्सा दल और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## चयन वेतनमान के लिए प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए से की वार्ता, मिला सार्थक आश्वासन

**बरेली।** प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बरेली के एक शिष्टमंडल ने चयन वेतन आनलाइन न स्वीकृत न होने के कारण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली संजय सिंह से ऑफलाइन चयन वेतनमान स्वीकृत करने के सम्बंध में मुलाकत की। जिस पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बरेली द्वारा प्राथमिक शिक्षक संघ की मांग से सहमत होते हुए सगंठन को विश्वास दिलाया कि जिनके एक पद पर 10 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, उन सभी शिक्षकों के चयन वेतनमान माह अप्रैल में ऑफलाइन स्वीकृत कर दिए जाएंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मिलने वाले शिष्टमण्डल में मांडलिक मंत्री एवं जिलाध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान, जिलामंत्री शिवस्वरूप शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार सिंह वल्लू, क्यारा मंत्री संजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा, मंत्री आलमपुर अमित कुमार सिंह, मंडल मीडिया प्रभारी रोहित सिंह आदि रहे।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की कार्यकारिणी ने बीएसए और डीआईओएस को भेंट किया पंचांग



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की टीम ने बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह एवं जिला विद्यालय निरीक्षक बरेली मंडल अजीत गंगवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का पंचांग भेंटकर हिंदू नव वर्ष की मंगल कामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर मुलाकात करने वालों में संगठन के कार्यकारी जिला अध्यक्ष जितेंद्र गंगवार, जिला महामंत्री विनोद कुमार, जिला कोषाध्यक्ष पुष्कर उपाध्याय, ब्लॉक बिथरी अध्यक्ष अरविंद चौधरी, उपाध्यक्ष अनिल कुमार, भदपुरा अध्यक्ष बचन सिंह, मीरगंज ब्लॉक अध्यक्ष अमित गंगवार आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बागपत के विपुल जैन हुए डीपीआईएएफ 2025 इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित



वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली में आयोजित डीपीआईएएफ 2025 इंटरनेशनल अवार्ड समारोह में इंटरनेशनल अवार्डी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत को डीपीआईएएफ 2025 इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। विपुल जैन को दुबई के प्रमुख समाजसेवी, शीर्ष बिजनसमेन एनएबीडी अल ऐमरेट के चेयरमैन व एएनपीएम के सीईओ डाक्टर कबीर केवी द्वारा शॉल व पटका ओढाकर व प्रतीक चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। डीपीआईएएफ के संस्थापक कल्याणजी जाना ने कहा कि विपुल जैन को यह अवार्ड उनकी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, धार्मिक व समाजसेवी कार्यो, साम्प्रदायिक सौहार्द में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने और राष्ट्रहित में किये जा रहे कार्यो के लिए प्रदान किया गया है। बताया कि विपुल जैन एक बेहतरीन इंसान है और पूर्व में भी इंटरनेशनल और नेशनल स्तर की अनेकों संस्थाओं और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उनको सम्मानित किया जा चुका है। विपुल जैन निष्पक्ष पत्रकारिता के माध्यम से लोगों को इंसाफ दिलाने और समाज की छुपी हुई प्रतिभाओं को देश व दुनिया के सामने लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है। विपुल जैन ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने दादा नरेन्द्र जैन, पिता सुदर्शन जैन, माता रेनु जैन, गुरूजनों सहित उन सभी समस्त शुभचिंतकों व सहयोगियों को दिया, जिन्होंने उनको नेक कार्यो को करने के लिए जागरूक किया और जरूरतमंदो की सहायता करने के लिए तन-मन-धन से हर कदम पर उनका साथ दिया।

## वक़्फ संशोधन बिल पसमांदा मुस्लिम समाज व मुस्लिम महिलाओं के नजरिये से: आतिफ रशीद

वेलकम इंडिया



**दिल्ली:** भारत में इस्लाम के ठेकेदारों की समय-समय पर पोल खुलती रही है, फिर चाहे मुस्लिम महिलाओं के सशक्तिकरण का मामला हो उनको तीन तलाक जैसी कू प्रथा से मुक्ति दिलाने का कानून हो जो की सऊदी अरब सहित सभी मुस्लिम देशों में दशकों पहले से कानून था या वक़्फ अधिनियमों में संशोधन कर वक़्फ संपत्तियों पर गैर कानूनी कब्जा व वक़्फ कानूनों का दुरपयोग कर आम जनमानस के हितों का हनन करना, वक़्फ बोर्डों से महिलाओं और पसमांदा मुसलमानों को दूर रखना और वक़्फ के स्थापना के मूल मकसद की गरीब और बेवाओं व यतिमों को इसकी आय से लाभ होना से वंचित रखना हो का जब जब भारतीय मूल के दलित पसमांदा मुसलमानों को और मुस्लिम महिलाओं को केंद्रित कर मोदी सरकार ने सकारात्मक पहल की तब तब यह आश्रफिया मुसलमान मजहब का चोला पहन कभी मुस्लिम पर्सनल लॉ की शक्ल में तो कभी तथाकथित छदम धर्म निरपेक्ष सेक्युलर राजनैतिक पार्टियों की शक्ल में मुस्लिम समाज को अटकाने लटकाने और भटकाने के लिए सड़कों पर आ जाता है। पसमांदा मुसलमानों व मुस्लिम महिलाओं को तथाकथित सेक्युलर पार्टियों और धंधेबाज इस्लाम धर्म के ठेकेदार तंजीमो की वफादारियों से बचकर सोचना होगा और अपने अधिकारों के लिए लड़ना होगा। जिस तरह मुस्लिम बहनों के हित के लिए लाए गए मोदी सरकार के सकारात्मक कार्यों का अशराफ मुसलमानों ने विरोध किया था, सीएए के समय मुस्लिम समाज को यह समझाने की कोशिश की गई थी कि यह आपकी नागरिकता छीनने का कानून है जबकि सरकार बार-बार कह रही थी कि सीएए किसी भी हिन्दू या मुस्लिम की नागरिकता छीनने का नहीं बल्कि पड़ोसी देशों में प्रताड़ित किए गए अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने का कानून है लेकिन इन आश्रफिया मुसलमानों ने मुसलमानों की ठेकेदार संस्थाओं ने तथा कांग्रेस व अन्य तथाकथित सेक्युलर पार्टियों ने देश के सैंकड़ों गरीब मुसलमानों को उनके मूल मुद्दे रोजी रोटी और शिक्षा से भटका कर उनको धर्म का चश्मा पहना कर सड़कों पर उतार कई शाहीन बाग खड़े कर दिए कि बस इन लोगों को अपने वोट बैंक के लिए इस्तेमाल किया जा सके।

## 500 रुपये की रिश्वत ने बेसिक शिक्षा विभाग के लिपिक को कराई पांच साल की सजा

वेलकम इंडिया/चरन सिंह




**बरेली।** बेसिक शिक्षा विभाग में नियुक्ति पत्र जारी करने के बदले रिश्वत लेने के एक मामले में कोर्ट ने कड़ा फैसला सुनाया है। स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट-2, कमलेश्वर पांडेय ने आरोपी लिपिक धर्मेन्द्र कुमार को दोषी करार देते हुए पांच साल की कठोर कैद और 10 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई। मुरादाबाद के थाना मझौला क्षेत्र के बसंत विहार कॉलोनी निवासी धर्मेन्द्र कुमार, बेसिक शिक्षा विभाग में लिपिक के पद पर कार्यरत था। आरोप है कि उसने नियुक्ति पत्र देने के बदले में 500 रुपये की रिश्वत मांगी थी। इस मामले में अमरोहा के मोहल्ला कटरा गुलाम अली निवासी अमित सिंह समेत 13 अभ्यर्थियों ने 7 जुलाई 2011 को जिला ज्योतिबा फुले नगर (अब अमरोहा) के थाना अमरोहा में प्रभारी निरीक्षक को शपथ पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई थी। सरकारी वकील अवधेश शर्मा, पंकज कुमार और सौरभ तिवारी ने बताया कि लिपिक धर्मेन्द्र ने कुछ अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए नियुक्ति पत्र की प्रतियां उपलब्ध कराईं। इसके आधार पर अभ्यर्थी रामवीर सिंह और सुभाष ने सीएमओ कार्यालय से मेडिकल सर्टिफिकेट तैयार करवा लिया। बाद में, यह अभ्यर्थी पूर्व-तिथि के बैंक डेट में नियुक्ति पाने का प्रयास कर रहे थे। आरोप है कि धर्मेन्द्र कुमार ने सभी अभ्यर्थियों से नियुक्ति पत्र जारी करने के बदले में 500-500 रुपये की रिश्वत मांगी। अन्य अभ्यर्थियों, जिनमें सोनू, गजे सिंह, प्रदीप कुमार और हितेश कुमार शामिल थे, ने भी पुलिस को तहरीर देकर भ्रष्टाचार की शिकायत की।

## न्यायाधीश जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया




**बिजनौर।** जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर द्वारा संयुक्त रूप से जिला कारागार बिजनौर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल की सुरक्षा व्यवस्था एवं बंदियो को मिलने वाली सुविधाओं को चेक कर संबंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गये। इस दौरान जेल अधीक्षक सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## जी एम नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में हुआ कार्यक्रम

वेलकम इंडिया




**मथुरा/गोवर्धन।** प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत जी एम नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के सौ से अधिक छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। टैबलेट मिलने के बाद विद्यार्थियों की खुशी देखने लायक थी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे गोवर्धन के विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने कहा कि यह टेबलेट वितरण कार्यक्रम हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की बहुत प्रिय और महत्वाकांक्षी योजना का एक हिस्सा है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री चाहते हैं कि उत्तर प्रदेश का प्रत्येक विद्यार्थी सही तरह से अध्ययन कर, जरूरी शिक्षा ग्रहण करे और आत्मनिर्भर बने। इसलिए इस योजना को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना नाम सरकार की तरफ से दिया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरएसएस के जिला प्रचारक श्री कुश ने की। उन्होंने कहा कि कुछ खुराफाती तत्व राणा सांगा जैसे राष्ट्र के गौरवों पर अशोभनीय टिप्पणी करके तनाव फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वो ऐसे तत्वों से हो सावधान रहें। विशेष अतिथि गोवर्धन नगर पंचायत के चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार ने कहा, विद्यार्थी अच्छी शिक्षा ग्रहण करके जब व्यवसायिक जीवन को शुरू करें तो पैसा कमाने के साथ-साथ समाज सेवा और समाजिक मूल्यों का भी ध्यान रखें। आरएसएस के खंड प्रचारक भोजराज, राधा कुंड नगर पंचायत के अध्यक्ष रामफल, भाजपा के गोवर्धन मंडल अध्यक्ष कान्हा शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष परशुराम ठाकुर और रामधन शर्मा सहित भाजपा के कई पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संचालन वरिष्ठ शायर राज कौशिक ने किया।

## शिक्षण संस्थान की बुनियाद होते हैं उसके विद्यार्थी: किशन चौधरी

**मथुरा।** केएम यूनिवर्सिटी के छात्र छात्राओं को लगातार देश की जानी-मानी कंपनियों में नौकरियां मिल रही हैं, यहां के छात्र-छात्राएं अच्छे सैलरी पैकेज पर कंपनियों द्वारा हाथों-हाथ लिए जा रहे हैं। केएम विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं को नौकरी देने के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के प्लेसमेंट सेल की ओर से मंगलवार को एक प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित की गई, जिसमें इंफीसिस सोल्यूशंस एलएलपी कंपनी के फॉउन्डर एंड डायरेक्टर बीडी अभिराज के सिन्हा, डायरेक्टर आलोक प्रदीप, बीडीएम शिवांगी त्रिपाठी, एचआर सुगंन्धा अग्रवाल, जसलीन कौर ने एमबीए, एम. कॉम, बीबीए, बी.कॉम के दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं का ऑफ लाइन टेस्ट लिया, जिसमें तीन छात्राओं को अच्छे पैकेज के साथ इंफीसिस कम्पनी से नौकरी का ऑफर मिला।

## धीरेंद्र शास्त्री को षड़यंत्र करके बदनाम करने वाले कॉलोनाइजरों के खिलाफ बुलडोजर चलाने की मांग



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर का केस लड़ रहे दिनेश फलाहारी ने कहा कि जिन लोगों ने बागेश्वर महाराज के साथ षड़यंत्र किया है ऐसे लोगों के प्रतिष्ठान पर वुलडोजर चलना चाहिए। राम की दासी योगेश्वरी बृजवासी जी ने कहा कि बागेश्वर महाराज बहुत ही भोले भाले हनुमान जी के भक्त हैं, उनके खिलाफ जिन्होंने भी षड्यंत्र किया है वह निंदनीय है। भागवत के परम विद्वान रामविलास चतुर्वेदी ने कहा कि बागेश्वर महाराज के खिलाफ षड्यंत्र करने वालों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। बागेश्वर महाराज को जानकारी नहीं थी, आयोजकों ने उनके साथ षड्यंत्र किया है, यह लोग सनातन धर्म को बदनाम करने के लिए इस प्रकार का षड्यंत्र करते हैं, यह लोग विपक्षी पार्टियों से मिले हुए हैं, इसलिए हिंदू राष्ट्र की मांग करने वाले वीर संत धीरेंद्र शास्त्री को बदनाम करना चाहते हैं। यह षड्यंत्र विवेक हेरिटेज और के वी ग्रुप वालों के ने किया है, इन्होंने अपनी बड़ी कॉलोनी के फायदे के लिए सनातन धर्म को बदनाम किया है, लोगों ने अपनी कॉलोनी का सिर्फ आगे का हिस्सा अप्रूव्ड कराया है, और विकास प्राधिकरण को पलीता लगाने के लिए बागेश्वर महाराज को षड़यंत्र करके बुलाया गया था। पंडित दिनेश फलाहारी ने कहा कि ऐसे लोगों पर सरकार द्वारा जांच कर कर कठोर कार्यवाही होनी चाहिए, यदि कार्रवाई नहीं होती है तो वृंदावन मथुरा के संत आंदोलन करेंगे।

## बीएसए कॉलेज में बीकॉम एवं एमकॉम छात्रों का भव्य विदाई समारोह, प्रेरक उद्बोधनों से भावुक हुआ माहौल

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** बीएसए (पी.जी.) कॉलेज, मथुरा के बीकॉम एवं एमकॉम विभाग के तृतीय एवं अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए गए, जिसने समारोह को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी नीरज गर्ग, बीकॉम एवं एमकॉम विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. यू. के. त्रिपाठी, पॉलिटिकल साइंस विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. एस. के. सिंह एवं भौतिक विज्ञान विभाग के प्रो. डॉ. रवीश शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।

इस गरिमामय अवसर पर सोशियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मधु त्यागी, बी.एड. विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. बी. के. गोस्वामी, इकोनॉमिक्स की विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. बरखा अग्रवाल, प्रो. डॉ. सुनीता शर्मा डॉ संघर्ष राठौर, डॉ आनंद त्रिपाठी एवं कॉमर्स विभाग के प्रोफेसरगण डॉ. मनोज भटनागर, डॉ. धीरज गुप्ता, डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. शिवराज माथुर, डॉ. महेश जोशी, डॉ. कृष्णा सिंह, डॉ. अनिल सारस्वत सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने अतिथियों, पत्रकार बंधुओं एवं प्रोफेसरगण का दुपट्टा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया। इसके बाद छात्रों द्वारा संगीत, नृत्य एवं नाट्य प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिसने पूरे माहौल को उल्लासमय बना दिया। एक छात्रा द्वारा गिटार पर मधुर गायन प्रस्तुत किया गया, जबकि 'राधारानी' का सजीव चित्रण कर छात्राओं ने सभी को भावविभोर कर दिया। समारोह में मुख्य अतिथि नीरज गर्ग ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा, कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता।

## मिट्टी का खनन चलने से रास्ता हुआ क्षतिग्रस्त भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता और पदाधिकारी बैठे धरने पर

वेलकम इंडिया महमूद रजा



बिजनौर नजीबाबाद तहसील क्षेत्रांतर्गत ग्राम आजमपुर गाजो उर्फ जगहनवाला में पिछले साढ़े चार महीने से मिट्टी खनन चल रहा है जो कि मानकों से कहीं ऊपर खनन किया जा चुका है और शासन प्रशासन या बड़े स्तर के अधिकारियों द्वारा खनन के मामले को संज्ञा नहीं लिया जा रहा है और खनन माफिया अपनी मनमानी से मिट्टी खनन को धड़ल्ले से कर रहे हैं ऐसा लग रहा है जैसा कि नीचे से ऊपर तक अधिकारी मिट्टी खनन से हमसाज होकर मिट्टी खनन को अंजाम दिला रहे हैं लगता है इसीलिए खनन माफिया के हौसले बुलंद है आखिरकार मिट्टी खनन माफिया इतने बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन को अंजाम दे रहे हैं यह तो एक जांच का विषय है की किन अधिकारियों के द्वारा बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन को अंजाम दे रहे हैं अगर मिट्टी खनन माफियाओं पर अंकुश लगाया जाए तो नजीबाबाद तहसील के अधिकारियों की जेबें ठंडी पड़ जाएगी सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी में बताया गया की मिट्टी खनन माफिया द्वारा अधिकारियों को मोटी रकम देकर बड़े स्तर पर मिट्टी खनन को अंजाम दे रहे हैं मिट्टी खनन चलने से रास्ता भी क्षतिग्रस्त हो गया है तथा क्षेत्रवासियों को आने-जाने के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और क्षतिग्रस्त रास्ते से होकर गुजरना पड़ रहा है आला अधिकारियों को रास्ते की भी हालत नजर नहीं आ रही है बल्कि अपनी कमाई के चक्कर में रास्ते की हालत हुई जर्जर को नजर अंदर किया जा रहा है इस मिट्टी खनन को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ता और पदाधिकारी धरने पर बैठ गए धरने पर बैठे किसानों को भी अधिकारी द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है और नजरअंदाज कर किसानों की ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है और ना ही किसानों और क्षेत्र वासियों की सुनवाई की जा रही है वही धरने पर बैठे किसानों ने जानकारी देते हुए बताया कि जो मिट्टी खनन चल रहा है उससे रास्ता भी क्षतिग्रस्त हो गया है और साइकिल से चलने वाले छात्र-छात्राओं के पर डंपरों से दुर्घटनाओं का खतरा मंडराता रहता है क्षेत्र वासियों का कहना है कि रास्ते में एक पुलिया है जो कि खनन के चलते वह भी टूट चुकी है पुलिया टूटने के कारण क्षेत्र वासियों को आने-जाने में कठिनाई हो रही है।

# राज्य मंत्री, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उधमशीलता विभाग एवं हापुड़ प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़** जनपद हापुड़ के द्वारा मनोहर रिजेंसी गढ़ रोड हापुड़ में सुरक्षा, सुशासन व नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम का फीता काटकर किया शुभारंभ यूपी के उपयोगी 8 वर्ष रिपोर्ट कार्ड एवं उत्कर्ष के 8 वर्ष नामक पुस्तिका का किया गया विमोचनः प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल जनपद में प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभार्थीपरक विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को दिए गए स्मार्टफोन एवं चलित चक्र योजना के अंतर्गत मशीन का वितरण किया गयाः कपिल देव अग्रवाल प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मनोहर रीजेंसी गढ़ रोड हापुड़ में तीन दिवसीय प्रदर्शनी से लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से कराया जा रहा अवगत प्रशासन हापुड़ द्वारा प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं



सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मनोहर रीजेंसी गढ़ रोड हापुड में आयोजित कार्यक्रम के दूसरे दिन राज्य मंत्री, (स्वतंत्र प्रभार), व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास और उधमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश /प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने फीता काटकर किया शुभारंभ। इसके उपरांत मा0 प्रभारी मंत्री द्वारा कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। अवलोकन के उपरांत मा0 प्रभारी मंत्री द्वारा प्रत्येक प्रदर्शनी स्टॉल पर जाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी अवलोकन के उपरांत माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में *यूपी के उपयोगी 8 वर्ष रिपोर्ट कार्ड एवं उत्कर्ष के 8 वर्ष* नामक पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर स्कूली बच्चों एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा भेजी गई सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान मा0 प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहां की प्रदेश सरकार ने अपने 8 वर्ष सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की नीति को लेकर सफलतापूर्वक पूर्ण किए हैं।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में महिलाओं को पूर्ण सुरक्षा का वातावरण प्रदेश सरकार द्वारा मुहैया कराया जा रहा है उन्होंने प्रत्येक घर में गैस सिलेंडर, विद्युत कनेक्शन, हर घर जल योजना के तहत पानी की व्यवस्था, मातृत्व जननी योजना के तहत लाभान्वित तथा महिलाओं की गोद भराई रसम इत्यादि अन्य सुविधाएं प्रदेश सरकार द्वारा आम जनमानस को उपलब्ध कराई जा रही है।

# मानव एकता को पिरोता यह होली मिलन आयोजन हुई बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है होली एवं मानव एकता का है यह संयोजन

**वेलकम इंडिया**




**प्रयागराज।** प्रयागराज मे दैनिक अयोध्या टाइम्स द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह करछना के मझुआ अतरैला गांव में मनीष श्रीवास्तव के निवास के पास धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य एवं विशेष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं भगवान राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद होली मिलन समारोह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरिओम साहू ने देशभर में पत्रकारों के साथ हो रही घटनाओं पर रोष व्यक्त किया और आश्वासन दिया कि वे हमेशा पत्रकारों के हित में तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि जहां भी पत्रकारों को समस्या होगी, वे हर संभव मदद करेंगे।

इसी क्रम में एनयूजे के जिला अध्यक्ष कुंदन श्रीवास्तव ने कहा कि उनका संगठन सिर्फ पत्रकारों के लिए बना है और पत्रकारों की समस्याओं को संगठन की समस्या समझकर समाधान किया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रयागराज के ब्यूरो चीफ को एनयूजे का जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के युवा जिला अध्यक्ष एडवोकेट मानस केसरी ने पत्रकारों का स्वागत एवं अभिनंदन किया और होली की शुभकामनाएँ दीं। वहीं, राजकीय मुद्रालय के कोषाध्यक्ष अनिल सिंह एवं ठाकुर विजय सिंह ने भी सभी को शुभकामनाएँ दीं। दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रयागराज के ब्यूरो चीफ बृजेश केसरवानी ने कहा, ₹पत्रकार कभी बिकता नहीं है और न ही कोई पत्रकार को खरीद सकता है।₹ उन्होंने बताया कि मझुआ अतरैला की धरती पर इस समारोह का आयोजन इसलिए किया गया है ताकि उत्तर प्रदेश के सभी पत्रकारों को जागरूक किया जा सके और उनकी समस्याओं को अपनी समस्या समझकर उनके लिए संघर्ष किया जा सके।

# राणा सांगा पर विवादित टिप्पणी- नाराज वकीलो ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा



**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ।** अधिवक्ता समाज ने सपा सांसद रामजी लाल सुमन द्वारा महाराणा सांगा के खिलाफ की गई टिप्पणी का कड़ा विरोध किया। सभी की उपस्थिति में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में अधिवक्ताओ ने कि 22 मार्च को संसद में सपा सांसद ने महाराणा सांगा के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की और उन्हें गद्दार कहा, महाराणा सांगा की राष्ट्रभक्ति मेवाड़ के जन-जन में बसी है। इस तरह की बयानबाजी से न केवल मेवाड़ बल्कि पूरे देश का हिंदू समाज आहत है।

प्रदर्शनकारियों ने सांसद की सदस्यता समाप्त करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की। इसमें मुख्य रूप से मुक्तेश्वर ओझा मुक्कू, अंजनी सिंह बाबा, दिवाकर सिंह, विक्रम सिंह, संदीप तिवारी राजन, निशांत यादव, अनुराग सिंह, आशीष श्रीवास्तव, विजय सिंह सोलंकी, अजय सिंह अज्जू, गौरव सिंह, अभिनव मिश्र, अनुज सिंह आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# बेखौफ शायर डॉ नरेश सागर को श्रेष्ठ दोहाकार सम्मान से किया गया सम्मानित

**हापुड़/** अपनी बेबाक लेखनी के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय साहित्य क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाले हापुड़ के एक छोटे से गांव मुरादपुर की सागर कालोनी में निवास कर रहे। बेखौफ शायर के नाम से चर्चित कवि डा.नरेश सागर को विश्व हिन्दी सृजन सागर मंच राजस्थान की साहित्य संस्था ने डा.सागर को श्रेष्ठ दोहाकार सम्मान से सम्मानित किया है। इस काव्य प्रतियोगिता में देश-विदेश के लोगों ने भी हिस्सा लिया। जिसमें शहर के कवि को श्रेष्ठ दोहाकार सम्मान देकर सम्मानित किया गया। डा.नरेश सागर ने कहा कि हमें संत शिरोमणि कबीरदास जी से बहुत कुछ सीखने को मिल सकता है। उन्हीं से प्रेरणा लेकर मैंने दोहा लिखना सीखा था। मेरे साहित्यक गुरू संत कबीर दास जी ही हैं।मेरा हर सम्मान अपने जिला, क्षेत्र और देश को समर्पित है।

# नदियों का संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का उत्तरदायित्व : बिष्ट

**वेलकम इंडिया**

**गरुड़,** नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत बैजनाथ में विभिन्न विद्यालयों के एनसीसी कैडेटों, अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर बैजनाथ तिराहे से लेकर बैजनाथ मंदिर तक सफाई की गई।

वन विभाग और जिला गंगा समिति बागेश्वर के तत्वाधान में बैजनाथ धाम में आयोजित नमामि गंगे कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि नदियों को स्वच्छ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। विशिष्ट अतिथि विधायक पार्वती दास ने कहा कि स्वच्छता के संदेश को घर-घर पहुंचाकर स्वयं इसके लिए आगे आने की जरूरत है। प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया ने जैविक व अजैविक कूड़े का अलग-अलग गड्ढे बनाकर निदान करने को



कहा। इस मौके पर विभिन्न प्रजाति के पौधे भी रोपे गए। हस्ताक्षर कर सभी ने नदियों के संरक्षण का संकल्प लिया। संचालन वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर बड़सीला ने किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष भावना वर्मा, वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा, गरुड़ विकासखण्ड प्रशासक हेमा बिष्ट, पूर्व जिपंस जनार्दन लोहुमी, बबलू नेगी, नायब तहसीलदार प्राची बहुगुणा, बीडीओ रमेश सिंह बिष्ट, रेंजर महेंद्र सिंह गुसाई, केवलानंद पांडे, डिप्टी रेंजर ईश्वरी दत्त कांडपाल, हरीश पांडे, सभासद मोनिका वर्मा, अनिल पांडे, अखिल आजाद, पूजा मेहरा, थ्रीश कपूर, एमसी जोशी, देवेंद्र मेहता समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व स्कूली बच्चे मौजूद थे।

# बहादुरगढ़ पुलिस ने अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे युवक को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़ गढ़मुक्तेश्वर**/एसपी कुंवर ज्ञानेंजय सिंह के आदेश अनुपालन में अपराधी घटनाओं पर विराम लगाने को लेकर हापुड़ पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे। सघन चेकिंग अभियान के दौरान बहादुरगढ़ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस बरामद हुआ है। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार युवक ने अपना नाम शोएब बताया हैं।यह किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने कि फिराक में घुम रहा था।उससे पहले ही बहादुरगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उसे दबोच लिया लिया।बता दें कि बहादुरगढ़ थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने अपनी तेज तर्रार पुलिस टीम के साथ चेकिंग करने के दौरान मुखबिर की सूचना पर अवैध तमंचे सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार गिरफ्तार करने का दावा किया है।बहादुरगढ़ पुलिस टीम शेरपुर मार्ग पर गस्त कर रही थी। इस दौरान नैकनामपुर नानई पुलिया के निकट एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। जैसे ही पुलिस टीम ने युवक को रोका तो वह भागने लगा। लेकिन पुलिस टीम ने घेर कर युवक को दबोच लिया। तलाशी लेने पर युवक के पास से 315 बोर का एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ हैं।

# वाराणसी की जानी मानी हस्ती मिसेज एशिया को दिल्ली में भारत गौरव आईकॉन अवार्ड से सम्मानित किया

**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी।** दिल्ली मेंऑर्गेनाईजर मशहूर बॉलीवुड एक्टर कल्याण जी जाना द्वारा दादा साहब फाल्के आइकन अवार्ड फिल्म ऑर्गेनाइजेशन परिवार की ओर से भारत गौरव आईकॉन अवार्ड फिल्म ऑर्गेनाइजेशन 2025 सम्मान का आयोजन दिल्ली में आंध्र एसोसिएशन ऑडिटोरियम दिल्ली में आयोजित किया गया जहां वाराणसी की रहने वाली जानी-मानी हस्ती मिसेज एशिया विजयता सचदेवा को उनके उत्कृष्ट कार्यो को देखते हुए उन्हें भारत गौरव आईकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने बताया कि यह सम्मान पाकर वह बहुत ही गर्व महसूस कर रही है क्योंकि यह सम्मान बहुत ही बड़ा है और इस सम्मान को पा कर मैं गर्व महसूस करती हूं और बहुत कुछ करने की और भी जिज्ञासा और लालसा बढ़ गई है कि अगर हमें इतना सा कुछ करने पर इतना बड़ा सम्मान मिल सकता है तो



शायद हमें इससे भी बड़ा सम्मान के हकदार हैं हम और भी हमारी कोशिश रहेगी कि हम ज्यादा से ज्यादा और भी अच्छे कार्यों को करें ऐसे प्रोग्राम में जाकर हमें बहुत कुछ सीखने को मिला बहुत कुछ जानने का मौका मिला कि हमें आगे और कैसे कार्यों को करना चाहिए मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने मशहूर बॉलीवुड एक्टर कल्याण जी जाना और शिल्पा चौहान जी का तहे दिल से धन्यवाद करते हुए कहा कि वह बहुत ही अपने आप को सौभाग्य शाली समझती है कि उनको ऐसे प्रोग्राम में शामिल होने का मौका मिला प्रोग्राम में मुख्य अतिथि जगदीश मोखी जी के साथ बहुत सारे माननीए गण शामिल रहे।

# सोहरका के खेतों में दिखायी दिया तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

**मेरठ।** सोहरका और डेडीकेटेड फ्रेट कारीडोर के बीच खेतों में दो दिन पूर्व तेंदुए की दस्तक से सोहरका और आसपास के गांवों में दहशत बनी हुई है। बुधवार को भी ग्रामीण लाठी डंडे लेकर खेतों में घूमते रहे। वनविभाग की टीम भी नजर बनाए हुए है। जानकारी के अनुसार सोहरका और डेडीकेटेड फ्रेट कारीडोर के स्टेशन और खेतों में तेंदुए के पंजों के निशान देखे गए, तेंदुआ होने की सूचना रेलवे स्टेशन के सिक्योरिटी गार्ड ने ग्रामीणों को दी तो काफी ग्रामीण रेलवे स्टेशन के पास पहुंचे, सूचना पर थाना पुलिस और वनविभाग की टीम पहुंची लेकिन तेंदुआ नजर नहीं आया। खेतों में तेंदुए के पंजों के निशान मिले, पंजों के हिसाब से तेंदुए की उम्र लगभग तीन साल है। बुधवार को काफी ग्रामीण खेतों में लाठी डंडे लेकर पहुंचे और तेंदुए की तलाश की। जानकारी मिली कि घाट गांव के जंगलों में भी तेंदुए के निशान मिले हैं, लोगों ने गर्मी के चलते बाहर सोना बंद कर दिया। बुधवार को स्कूलों में भी बच्चों की संख्या कम रही, सभी बच्चों में तेंदुए की दहशत बनी हुई थी। वनविभाग की टीमें भी नजर बनाए हुए है।

# भारतीय किसान युवा जागरुक संगठन का लुहारली टोल पर हल्ला बोल प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** भारतीय किसान युवा जागरण संगठन की सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमलता ठाकुर व संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता वसीम अहमद सिद्दीकी ने किया सभा में किसानों के लिए आ रही समस्या के बारे में मंथन किया और किसानों को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन की रणनीति बनाई उसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमलता ठाकुर राष्ट्रीय प्रवक्ता वसीम अहमद सिद्दीकी एवं जिलाध्यक्ष अमरीश भारद्वाज के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने किया प्रदर्शन सभी संगठन के लोगों ने टोल का घेराव कर टोल मैनेजर को दिया ज्ञापन।

टोल मैनेजर द्वारा संगठन की सभी मांगों को स्वीकार कर लिया ज्ञापन

दर्जनो गाड़ी से सैकड़ो लोगों के साथ दलबल के साथ टोल पर पहुंच भारतीय किसान युवा जागरुक संगठन राष्टीय अध्यक्ष लता ठाकुर ने कहा कि हमारा संगठन किसानों के साथ-साथ गरीबों की भी आवाज उठाता है आज हमने



लोहारली टोल पर ज्ञापन दिया जिसमें किसानो की गाड़ियों का आवागमन फ्री कराने के लिए दिया गया है ,राष्ट्रीय प्रवक्ता वसीम अहमद सिद्दीकी ने कहा आज हमने किसानों की समस्याओं को देखते हुए टोल मैनेजर को निम्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया जिसमें मैनेजर ने ज्ञापन स्वीकार कर तत्काल हमारी मांग पूरी की भारत देश कृषि प्रधान देश है जिसमें किसानों को उनका हक मिलना चाहिए जिला अध्यक्ष अमरीश भारद्वाज ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने आई कार्ड बनवाएं और अपनी-अपनी गाड़ी पर संगठन की पट्टी जरूर लगाए जिससे टोल पर आवागमन पर कोई परेशानी ना हो। मेरठ मंडल उपाध्यक्ष रिहान साबरी ने कहा कि हमारा संगठन किसानों के साथ-साथ गरीब मजलूम बेसहारा के साथ है हम किसान हैं फसल उगाते हैं जिससे पूंजीपति और उद्योगपतियों का गुजारा चलता है इस दौरान सैकड़ों संगठन के साथी मौजूद रहे।

# सड़क पर पड़ी ईद की नमाज तो होगा पासपोर्ट निरस्त, नहीं जा पाएंगे हज करने

**उज्ज्वल रस्तोगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** ईद-उल-फितर की नमाज सड़क पर अदा करने वालों के खिलाफ इस बार पुलिस ने कड़ी कार्रवाई का निर्णय लिया है। एफआईआर के साथ-साथ आरोपितों के पासपोर्ट निरस्तीकरण की रिपोर्ट भी दी जाएगी, ताकि वह मक्का मदीना की यात्रा न कर सकें। इसलिए सभी को स्पष्ट कर दिया कि ईदगाह के सामने सड़क पर नमाज अदा न करें। आसपास की मस्जिदों में नमाज अदा की जाए। गत वर्ष दर्ज मुकदमों में आरोपितों के पासपोर्ट निरस्तीकरण की रिपोर्ट भी पुलिस तैयार कर रही है।

बता दें कि गतवर्ष सड़क पर नमाज अदा करने के बाद काफी लोग विदेश में नौकरी करने चले गए थे। कुछ लोग उमरा करने निकल गए थे। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने कहा कि ईद-उल-फितर की नमाज सड़क पर अदा नहीं होने दी जाएगी। उसके लिए ईदगाह स्थल पर पीएसी और आरएएफ को लगाया गया है। इस बार



ईदगाह के अलावा फैज-ए-आम इंटर कॉलेज में भी नमाज अदा कराई जाएगी। सभी मुस्लिमों ने पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने अपील की। एसपी सिटी का कहना है कि ईदगाह के अलावा लोग अपने आसपास की मस्जिदों में नमाज अदा कर सकते है। साथ ही फैज-ए-आम इंटर कॉलेज में भी नमाज अदा होगी। वहां भी पहुंचकर लोग नमाज अदा कर सकते है। एसएसपी विपिन ताडा ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों को स्पष्ट कर दिया कि सड़क पर नमाज अदा करने पर पूर्णतय रोक लगाएं। शासन का स्पष्ट निर्देश है कि बिना अनुमति के सार्वजनिक स्थल या सड़कों पर धार्मिक आयोजन नहीं कराया जाएगा। इसलिए सड़क पर नमाज अदा नहीं होने दी जाएगी। ईदगाह पर अतिरिक्त सुरक्षा बढ़ाने की प्लानिंग की गई है। अर्धसैनिक बल, आरएएफ और पीएसी को भी ईदगाह पर लगाया जाएगा। ड्रोन और वीडियो कैमरो से सभी की निगरानी की जाएगी। सड़क पर नमाज अदा करने वालों पर एफआईआर कर उनकी गिरफ्तारी भी तत्काल की जाएगी। साथ ही अपराधिक गतिविधि दिखाकर उनके पासपोर्ट भी निरस्त कराए जाएंगे, ताकि उसके बाद कोई भी विदेश नहीं जा सकें। गतवर्ष दर्ज मुकदमों में भी चिन्हित किए आरोपितों की तलाश कर गिरफ्तारी की जाएगी। ईदगाह के बाहर सड़क पर कदापि नमाज अदा नहीं करने दी जाएगी। नए शहर काजी को यह बता भी दिया है कि वह सभी को इसकी जानकारी मुहैया कराए। उसके बाद भी किसी ने सड़क पर नमाज अदा करने का प्रयास किया। पुलिस तत्काल ही कार्रवाई करेंगी।

# सेवा सुरक्षा और सुशासन की सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर चौधरी चरण सिंह सभागार विकासखंड नजीबाबाद में आयोजित

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

नजीबाबाद सेवा सुरक्षा और सुशासन की सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर चौधरी चरण सिंह सभागार विकासखंड नजीबाबाद में आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी मेले के दूसरे दिन आज ब्लॉक प्रमुख नजीबाबाद , चौधरी ईशम सिंह ने शुभारंभ किया ब्लाक प्रमुख ने कहा की देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री महन्त योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व एवं निर्देशन में उनका परिणाम है प्रदेश विकास हो रहा है पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं पर आधारित लगी प्रदर्शनी एवं विभागों के लगे स्टालों का अवलोकन किया कस्तूरबा गांधी विद्यालय राहतपुर एवं बडिया की छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम को बहुत सराहा गया तदुपरांत श्रम विभाग द्वारा लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए आजीविका मिशन में कार्य कर रही सखियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने लाभार्थियों महिलाओं की गोद भराई करायी इस अवसर पर पूजा शेखपुरा, डिम्पल, ललिता ,आंचल, रुची चौधरी, एडीओ समर पाल सिंह, एडीओ समाज कल्याण अतुल कुमार, रंजन कपूर, भरत खन्ना, नरपाल सिंह, निखिल कुमार, जगवीर सिंह, नरेन्द्र सिंह आदि।



# जिलाधिकारी ने ली मादक पदार्थो की निगरानी समिति की बैठक

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** परसीलाल वर्मा,जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में बुधवार को जिले में मादक पदार्थों की निगरानी हेतु गठित समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस के साथ अन्य विभागों और सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय स्थापित कर समाज में जागरुकता लाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि नशे के खिलाफ जागरूकता लाने में शिक्षा व उच्च शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने महाविद्यालयों,मेडिकल संस्थानों और पॉलिटेक्निक कॉलेजों में ₹एंटी ड्रग्स क्लब₹ की स्थापना के साथ ही कैम्पस एम्बेसडर की नियुक्ति करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी छात्रों से ₹मैं नशा का उपयोग नहीं करूंगा₹ संदेश के साथ अपने अभिभावकों के नाम पत्र लिखवाया जाने, इसके अलावा,नशा मुक्ति के विषय पर कार्टून और स्टिकर बच्चों के किताबों और कॉपियों पर लगाए जाने नशे के दुष्परिणाम की जानकारी छात्रों को देने,तथा बच्चे नशा मुक्ति के प्रति जागरूक हो इसके लिए विशेष प्रयास किए जाने की बात कही। जिलाधिकारी ने मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। जिले में भांग की खेती को चिन्हित कर उसे नष्ट करने की योजना बनाने को कहा। इसके अलावा जिलाधिकारी ने राजस्व, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा व्यापक चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। होटल, ढाबों, रेस्तरां,पान-सिगरेट की दुकानों जैसे स्थानों की निगरानी करने और अवैध गतिविधियों में शामिल पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने मादक पदार्थों के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि इसके तहत गोष्ठियों का आयोजन, पोस्टर, पंपलेट और बैनर के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाई जाए। साथ ही, ₹नशा मुक्त भारत अभियान₹ के अंतर्गत स्वयंसेवकों को चिन्हित कर उन्हें प्रशिक्षण दिए जाने, स्कूल, कॉलेज और मेडिकल संस्थानों में एन्ट्री ड्रग्स क्लब बनाने और विद्यार्थियों के साथ बैठकों का आयोजन कर युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया जाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए।

## विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने गौशाला का देखा व्यवस्था

वेलकम इंडिया



**बर्डपुर/सिद्धार्थनगर** । बर्डपुर नगर पंचायत कपिलवस्तु में बने अस्थाई गौशाला का विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं के साथ जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने देखा व्यवस्था। इन्होंने ने अपने कार्यकताओं के साथ अचानक अस्थाई गौशाला पर पहुंच गए और गौशाला के व्यवस्थाओं के बारे में देखा जिसमे कमियां भी देखने को मिली । बृजेश पाण्डेय ने अपने सोसल प्लेटफार्म पर एक वीडियो भी शेयर किया जिसमे नगर पंचायत कपिलवस्तु के ईओ नवीन सिंह को कहते नजर आ रहे है कि अगर गौशाला आपसे नही संभल रहा है तो छोड़ दीजिए हम देख लेंगे।वायरल वीडियो पर जब विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष बृजेश पांडेय से बात किया गया तो उनका कहना है कि कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि कपिलवस्तु नगर पंचायत में बने अस्थाई गौशाला में पशु को चिकित्सक आठ माह तक देखने नही आ रहे है न ही इलाज हो रहा है जब कार्यकताओं के साथ गौशाला पर पहुंचा गया तो देखने को मिला कि जो पशु मौजूद है उसी गोबर में भूसा खा रही है इसके लिए ईओ कपिलवस्तु को फोन कर बुलाया गया उनके द्वारा आश्वासन मिला है कि जो भी कमियां है दूर किया जाएगा और जो कर्मचारी के देखरेख में है उनसे स्पष्टीकरण भी मांगा जाएगा।

## गंदे बैग के अंदर रखा था तीन करोड़ का माल. पुलिस ने खोला तो देखकर उड़ गए होश



वेलकम इंडिया

**आगरा।** आगरा मंडल के मथुरा जिले में पुलिस और एएनटीएफ को बड़ी सफलता हाथ लगी है, टीम ने करोड़ों रुपये के मादक पदार्थ की खेप लेकर जा रहे तस्कर को पकड़ा है. इसके पास से बैंग के अंदर तीन करोड़ रुपये की हेरोइन और स्मैक मिली है. पुलिस इसके खिलाफ कार्रवाई कर रही है और जांच की जा रही है कि ये खेप कहां पहुंचाई जा रही थीं आगरा एएनटीएफ टीम को सूचना मिली कि कि मथुरा से बड़ी मात्रा में हेरोइन और स्मैक लेकर तस्कर दिल्ली जा रहा है. इस पर टीम ने कोतवाली प्रभारी से संपर्क किया और टीम ने पुलिस के साथ मिलकर जानकारी हासिल की. पुलिस को सूचना मिली कि तस्कर मालगोदाम के पास बनी मजार के पास खड़ा है. पुलिस ने उसे मौके से अरेस्ट कर लिया. उसके पास एक गंदा बैंग था जिसे खोला तो उसके अंदर से 1.62 किलो हेरोइन और 469 ग्राम स्मैक व 1755 रुपये मिले हैं. पुलिस पूछताछ में तस्कर ने अपना नाम मो. गयास अंसारी हाल निवासी दिल्ली बताया है. वह मूलरूप से बिहार के जमुई स्थित गांव दौलतपुर का रहने वाला हे. पुलिस ने बताया कि बरामद मादक पदार्थ की कीमत तीन करोड़ रुपये है. मथुरा में वह सप्लाई देने आया था लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया.

## पत्रकारों द्वारा युवा पत्रकार प्रेसक्लब की बैठक हुई सम्पन्न

वेलकम इंडिया



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** चौधरी मैरिज हॉल (खुनुवां बाईपास रोड) शोहरतगढ़ के सभागार में बुधवार को दिन में 3 बजे युवा पत्रकार प्रेसक्लब की मासिक बैठक संचालक सरताज आलम की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सरताज आलम ने कहा कि यदि हमारी कहीं भी मेरी जरूरत पड़ती है तो मैं तन-मन-धन से मैं संगठन के लिए तैयार हूं। वहीं प्रेस क्लब अध्यक्ष श्रवण पटवा ने कहा कि पत्रकारों की मासिक बैठक में संगठन विस्तार एवं को कोष वृद्धि पर नियमित चर्चा होनी चाहिए। ताकि हम पत्रकारों की तात्कालिक रूप से मदद कर सकें। महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार ने कहा कि संगठन हित में कार्य करने वाले पत्रकार साथियों को वरीयता दी जायेगी। उन्होंने पत्रकारों को सुझाव दिया कि किसी की निजी वार्ता को संगठन से ना जोड़ा जायें। वहीं कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संगठन उपाध्यक्ष पियूष सिंह ने पुरानी कार्यवाहियों को पढ़ते हुए कहा कि पत्रकारों की मासिक बैठक में निरन्तर सुधार एवं सुझाव की आवश्यकता है। इसलिए आप सभी संगठन को मजबूत बनावें। अन्त वरिष्ठ पत्रकार संजय मिश्रा ने कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। बैठक में प्रमुख रूप से शरतेन्दु त्रिपाठी, अशोक दूबे, इन्द्रेश कुमार तिवारी, सर्वेश कुमार खेतान, सुशील खेतान, भीम चौधरी, विनीत चौधरी, राकेश बाबा, जय प्रताप सिंह, अखिलेश सिंह, पवन पटेल, इसरार हुसैन, अभिलाष मिश्रा, राजेश चौधरी, समीर खान, राजू बाबा, निजाम अंसारी, शिवरतन कनौजिया, अजीज अहमद आदि मौजूद रहें।

## रामगंगा पोषक नहर में तैरता मिला अधेड़ का शव

**नूरपुर :** दौलतपुर चौकी के करीब बह रही राम गंगा पोषक नहर में सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता दिखाई दिया। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया स्थानीय लोगों ने शव को देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामगंगा पोषक नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता दिखाई दिया गांव दौलतपुर बिल्लौच के ग्राम प्रधान अब्दुला पुत्र सुल्तान अहमद ने पुलिस को इसकी सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाल कर उसकी जेब से मिले मोबाइल और डायरी में लिखें हुए नंबर के आधार पर उसकी शिनाख्त का प्रयास किया गया काफी मशक्कत के बाद मृतक की शिनाख्त 65 वर्षीय कल्लन सिंह पुत्र टेका सिंह निवासी ग्राम डाढी थाना छजलैट जिला मुरादाबाद के रूप में हुई सूचना पर परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए।

## राज्य कृषि मंत्री बलदेव सिंह ओलख का नूरपुर में जोरदार स्वागत



वेलकम इंडिया

**नूरपुर :** राज्य कृषि मंत्री बलदेव सिंह ओलख प्रदेश सरकार की सेवा सुरक्षा में सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूरे होने पर बिजनौर में इंदिरा बाल भवन तीन दिवसीय प्रदर्शनी मेले में शामिल होने जा रहे थे। बिजनौर जाते समय समशेरिया बैंकट हॉल नूरपुर पहुंचने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष नूरपुर निशांत कर्णवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओ के साथ राज्य कृषि मंत्री बलदेव सिंह ओलख का जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में भाजपा नगर अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, वीर प्रकाश सिंह भुइयार, राहुल यादव पिज्जा सिटी वाले, जीतू भुइयार विजेंद्र सिंह अग्रवाल आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक महाविद्यालय में टेबलेट/स्मार्टफोन वितरण किये

वेलकम इंडिया



**नूरपुर :** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदत टेबलेट/स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमए, एमएससी व एमकाम के विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण थाना शिवाला कला के उप निरीक्षक अरविंद कुमार, भाजपा के जिला महामंत्री ठाकुर आकाश शास्त्री व कॉलेज प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने किया। टैबलेट के नोडल अधिकारी डॉ दिलीप कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कॉलेज को जितने टैबलेट उपलब्ध कराए गए थे। वे सभी विद्यार्थियों को वितरित कर दिए गए हैं। कॉलेज प्रबंधक ठाकुर आकाश शास्त्री ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र टैबलेट का सद्उपयोग करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग टेक्नोलॉजी का है। छात्रों को टेक्नोलॉजी से जोड़ना बहुत ही आवश्यक है। वर्तमान सरकार भी छात्रों को टेक्नोलॉजी से जोड़ना चाहती है। छात्र इससे जुड़कर अपने भावी भविष्य का निर्माण करें।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष नेकपाल यादव ने टीम के साथ जिलाध्यक्ष का किया भव्य स्वागत

निर्मल सैनी वेलकम इंडिया



**माल।** जे एम एस पब्लिक स्कूल में भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष विजय मौर्य का भव्य स्वागत किया गया।

आपको बता दें कि विकासखंड माल के गहदो स्थित जे एम एस पब्लिक स्कूल में भाजपा मंडल अध्यक्ष( रहीमाबाद ) नेकपाल यादव के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिलाध्यक्ष सम्मान समारोह कार्यक्रम में पदाधिकारी व कार्यकताओं ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष विजय मौर्य का फूल माला पहना कर स्वागत किया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष विजय मौर्य व मंडल अध्यक्ष नेकपाल यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया। सभा को संबोधित करते हुए मौर्य ने कहा कि यह सम्मान भाजपा के प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता का सम्मान है।उन्होंने इस सम्मान को संजोकर रखने और अपने दायित्वों का पूर्ण निर्वहन करने का संकल्प लिया। उन्होंने राष्ट्र, संगठन और कार्यकताओं की उम्मीदों पर खरा उतरने को अपना जीवन लक्ष्य बताया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष नेकपाल यादव ने कहा कि भाजपा हमारे देश की इकलौती ऐसी पार्टी है जो युवाओं को बढ़ाने और वरिष्ठ कार्यकताओं का सम्मान बढ़ाने का काम करती है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामबिलास रावत,मंत्री जानकी प्रसाद विमल, चेयरमैन काकोरी रोहित साहू , पूर्व मंडल अध्यक्ष रविराज लोधी, ब्लॉक प्रमुख प्र. काकोरी शिशिर यादव, मंडल महामंत्री संग्राम सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवशरण सिंह, सजीवन लाल शर्मा,सुशील गुप्ता,निर्मल रस्तोगी, मंडल उपाध्यक्ष के एल दुबे, पूर्व मंडल महामंत्री योगेंद्र सिंह आदि रहे।

## इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन, मांगी गई मुल्क के सलामती की दुआ

वेलकम इंडिया



**सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड उसका के ग्राम पंचायत देवलहवा ग्रान्ट में रमजान के महीने के दौरान रोजा इफ्तार पार्टी आयोजित की गई।पत्रकार, समाजसेवी नूरुल खां ने रोजेदारों के लिए इफ्तार का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रमजान के पाक महीने को लेकर रोजा इफ्तार पार्टी का दौर तेजी से चल रहा है। इसी को लेकर ग्राम पंचायत देवलहवा निवासी पत्रकार, समाजसेवी नूरुल खां की ओर से रोजेदारों को इफ्तार कराया गया। जिसमें गांव व आसपास के काफी तादाद में रोजेदारों ने इफ्तार पार्टी में शिरकत की। इस दौरान रोजेदारों ने अल्लाह के बारगाह में हाथ उठाकर मुल्क में अमन व भाईचारा तथा खुशहाली की दुआ मांगी। मगरिब के अजान सुनते ही सभी रोजेदारों ने रोजा इफ्तार की।वहीं पत्रकार नूरुल खां ने कहा कि इस तरह के इफ्तार पार्टी का आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। जिसमें पूर्व जिला पंचायत सदस्य उमर खां,ग्राम प्रधान मोहम्मद रफीक, प्रधान प्रतिनिधि शमीम खां,उर्फ बब्बू, आफताब कमाल खां, सहित गांव व आसपास के लोग मौजूद रहे।

## अन्तर्महा विद्यालय सेमिनार का आयोजन

वेलकम इंडिया



**मेरठ।** माधवपुरम स्थित शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में वाणिज्य संकाय के तत्वाधान में एक अन्तर्महाविद्यालय सेमिनार का आयोजन किया गया । सेमिनार का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो0 डॉ. अंजू सिंह ने मुख्य अतिथि डॉ. हरपाल सिंह नगर स्वास्थ्य अधिकारी, अतिथि, प्रो0 डॉ0 ब्रिजेश कुमार अग्रवाल, प्रो. डॉ0 दिनेश चन्द, आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी प्रो. डॉ0 लता कुमार, वाणिज्य संकाय प्रभारी डॉ0 आवेश कुमार, आयोजन सचिव डॉ0 विकास कुमार, सह आयोजन सचिव डॉ0 नेहा सिंह और डॉ0 आकांशा ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि डॉ0 हरपाल सिंह ने अपशिष्ट प्रबन्धन के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को अपशिषज प्रबन्धन के बारे में जागरूक किया। इसके पश्चात विशिष्ठ अतिथि डॉ0दिनेश चन्द और डॉ0 ब्रिजेश कुमार अग्रवाल ने राजस्व को समझाते हुए यह चर्चा की कि अपशिष्ट प्रबन्धन से किस प्रकार राजस्व उत्पन्न किया जा सकता है। प्राचार्य ने सेमिनार के आयोजन के लिए वाणिज्य संकाय को बधाई देते हुए आगंतुक सभी अतिथियों का स्वागत एक प्रतीक चिन्ह दिए। मंच संचालन करते हुए आयोजन सचिव डॉ0 विकास कुमार ने क्रमानुसार सभी प्रतिभागियों को सेमिनार में अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया। सभी प्रतिभागी जब अपना प्रस्तुतिकरण कर रहे थे उसी समय निर्णायक मंडल के डॉ0 रीमा मित्तल, डॉ0 आंचल गुप्ता, प्रो. अनुजा गर्ग, डॉ0दीपा जैन प्रत्येक प्रतिभागी का मूल्यांकन कर रहे थे।

## नवनियुक्त जिलाध्यक्ष व शहर अध्यक्ष के स्वागत समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव का ज्ञानेंद्र सिंह राघव नें किया भव्य स्वागत

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** बुलंदशहर बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पर बुलंदशहर जनपद के नेताओं व कार्यकताओं ने एक सम्मान समारोह आयोजित कर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जियाउल रहमान व शहर अध्यक्ष इंजीनियर रवि लोधी का स्वागत समारोह आयोजित किया जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव ओमवीर यादव रहे व सम्मान समारोह की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी ने की कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष पंडित सुभाष गांधी ने किया सम्मान समारोह में जनपद के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के साथ-साथ ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष रहे व कार्यकताओं ने पहुंचकर सभी का फूल मालाओं बुके देकर सम्मान समारोह में स्वागत किया अनूपशहर की ओर से जिला महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा गौड़ सलाम खा, ब्लॉक अध्यक्ष कार्यवाहक बबलू कुरैशी,लक्ष्मी नारायण शर्मा, आदि ने मुख्य अतिथि ओमवीर यादव का बुके भेंट कर स्वागत किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ओमवीर यादव व नियुक्त जिला अध्यक्ष जियाउल रहमान व शहर अध्यक्ष इंजीनियर रवि लोधी व जिला महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव,महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा गौड़ ने सभी कार्यकताओं से नव नियुक्त जिला अध्यक्ष का सहयोग कर कांग्रेस को बूथ स्तर पर मजबूत करने व देश के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लड़ी जा रही लड़ाई को जन-जन तक पहुंचा कर बूथ स्तर तक कांग्रेस को मजबूत करने का आह्वान किया कार्यक्रम में प्रदेश सचिव जिला प्रभारी पंकज तेजानियां, लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेस शिवराम वाल्मीकि, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रहे नरेंद्र चौधरी, यूथ के जिला अध्यक्ष इसराइल गहलोत, अध्यक्ष वसंत पंडित,सहित दर्जनों नेता व कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

# सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** नगर पालिका परिषद एवं तहसील प्रशासन द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सीएमडी के सभागार में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत दूसरे दिन बुधवार को भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चैन पाल, विधायक डॉ मंजू शिवाच, एसडीएम डॉक्टर पूजा गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जाटव, पालिका के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्रा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सतवीर राघव, दिनेश सिंघल, स्वदेश जैन,वरिष्ठ नेता सत्येंद्र त्यागी, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, जिला महामंत्री जितेंद्र चित्तौड़ा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र चौधरी डायमंड, जिला उपाध्यक्ष अमित चौधरी आनंद गोयल एवं पालिका सभासद आदि कार्यकर्ता ने भाग लिया और प्रदेश सरकार के 8 वर्ष के जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में एलईडी के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओ को भी दिखाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नारी सशक्तिकरण का भी संदेश दिया। इस मौके पर एक प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को दशार्या गया था। कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चैन पाल सिंह तथा विधायक डॉ मंजू शिवाच का कार्यकताओं में स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन सभासद ललित त्यागी ने किया।

इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल वरिष्ठ नेता सुभाष सांगवान अमितेज जैन लोकेश डोढी अजय मित्तल अरुण खन्ना साधना शर्मा नितिन मित्तल अनुप्रीत कौर जसमीत सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नकली जेवरात देकर नौ लाख रुपए ठगे

**गाजियाबाद।** मुरादनगर थानाक्षेत्र के गांव शोभापुर निवासी महिला को नकली जेवरात देकर नौ लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। जेवरात देने वाले ज्वैलर्स अब अपनी दुकान बंद करके फरार हो गए है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गांव शोभापुर निवासी अलका त्यागी ने बताया कि काफी समय से हम लोग मुरादनगर की सक्को वाली मार्केट स्थित राधिका ज्वैलर्स से सोने-चांदी के जेवरात खरीदते आए हुए हैं। पिछले दिनों बेटा व बेटी की शादी के लिए राधिका ज्वैलर्स से जेवरात लिए है। महिला का आरोप है कि जेवरात लेने के तीन दिन बाद जब जेवरात पहने तो उनका रंग उतरने लगा। जब जेवरात अन्य स्थान पर चैक कराए तो वह नकली निकले। जब महिला अपने परिवार के साथ उक्त दुकान पर पहुंची तो वह बंद थी। आसपास के दुकानदारों ने बताया कि यह दोनों भाई कई दिन पहले अपनी दुकान किसी अन्य को बेचकर चले गए है और गाजियाबाद के संजयनगर के सेक्टर 23 के एम ब्लॉक में दुकान खोल ली है। अलका त्यागी ने बताया कि करीब 50 तोला सोना लिया था। नौ लाख रुपए ऑनलाइन दिए और बाकी रकम नकद दी थी। एसीपी मसूरी सर्किल ने बताया कि तहरीर के आधार पर रोहन वर्मा व रोहित वर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

# जामनगर की प्रियदर्शिनी राज को मिली विद्या वाचस्पति कि मानद उपाधि

वेलकम इंडिया




जामनगर की आर्ट टीचर और छंद शिक्षिका एवं कवियित्री प्रियदर्शिनी को काशी हिंदी विद्यापीठ ने साहित्यिक सेवाओं को देखते हुए विद्या वाचस्पति की मानद उपाधि देकर सम्मानित किया ।ज्ञातव्य हो जो बिहार मूल निवासी है और गुजरात के जामनगर में रहते हुए शिक्षण और साहित्य में जुड़ी है श्रीमती डा० प्रियदर्शिनी राज धर्म पत्नी- श्री राजीवकुमार बहुत ही जुझारू एवं समाज के प्रति चिंतन करने छंद शिक्षिका हैं। साहित्य के क्षेत्र में भी उनका कार्य उल्लेखनीय है कई वर्षों से शिक्षण कार्यों से जुड़ी हैं !और साहित्य संस्था से जुड़ कर छंद निशुल्क सिखा रही है और साहित्य में रूचि रखने वाली महिलाओं को आगे बढ़कर उन्हें छंद सिखा रही उनकी प्रतिभा बाहर लाने एक पहचान निर्मित करा सेवा कार्य कर रही है तथा वह समाज को उन्नति की ओर ले जाने के लिए अपनी लेखनी चलाती रहती हैं। कई साहित्यक संस्थाओं द्वारा पुरस्कृत हुई है पत्र पत्रिकाओं में लगातार प्रकाशन हो रहा है और 5 बार वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हुई है उनके इस विशिष्ट कार्य को देखते हुए काशी हिंदी विद्यापीठ ने वाराणसी में हुए एक कार्यक्रम में उन्हें विद्या वाचस्पति (डाक्ट्रेट) की मानद उपाधि कुलसचिव इंद्रजीत तिवारी निर्भीक के द्वारा प्रदान की गई ।इससे छंद परिवार मंच समाज, संबंधियों,मित्रों में अति उत्साह है तथा सभी लगातार उनको बधाई दे रहे हैं। प्रियदर्शिनी राज ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया है।।

## 3 घंटे के विशेष अभियान में शराब पीने वाले 530 लोग पहुंचे हवालात

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में तीन घंटे का विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान 530 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं।इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया गया। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया। उनका मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में कुल 216 लोगों पर कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 65, विजयनगर से 35, सिहानी गेट से 28, नंदग्राम से 40, कवि नगर से 23 और मधुबन बापूधाम से 25 लोग शामिल हैं। डीसीपी देहात सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 172 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। थाना लोनी से 36, ट्रॉनिका सिटी और अंकुर विहार से 8-8, लोनी बॉर्डर से 17, मसूरी से 19, मुरादनगर से 29, मोदीनगर से 16, निवाड़ी से 3, भोजपुर से 11, वेव सिटी से 6 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 19 लोगों को पकड़ा गया।

## श्रीखाटू श्याम संकीर्तन सभी प्रेमियों के सहयोग से हुआ सम्पूर्ण

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** श्री खाटू श्याम मित्र मंडल ट्रस्ट, मोदीनगर द्वारा प्रत्येक महीने की भाती इस महा सातवां कृष्ण पक्ष खाटू श्याम संकीर्तन सभी प्रेमियों के सहयोग से सम्पूर्ण हुआ। जिसमें बाबा श्याम को कलकत्ता के फूलों से सजाया गया। बाबा की अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई। हजारों भक्तों के लिए अटूट भंडारे का आयोजन हुआ। श्याम बाबा को अपने मधुर भजनों से गिरीश शर्मा, निशा शर्मा, सिद्धांत राज, पूजा अरोड़ा, मीरा रावल द्वारा रिझाया गया। मंडल के सभी पदाधिकारी द्वारा नगर पालिका के पूर्व चेयरमेन पंडित राम आसरे शर्मा का पगड़ी, माला,पटका पहना कर स्वागत किया गया। कीर्तन में मंदिर के महंत आचार्य अनिल मिश्रा द्वारा श्याम नाम का झाड़ा सभी भक्तों को लगाया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में अरुण खन्ना,रमेश गोयल, पंकज गोयल, कपिल गुप्ता, राकेश अग्रवाल, अशोक लखेरा,प्रमोद गर्ग ,शुभांकर गुप्ता, राजीव जिंदल,राकेश खन्ना, गिरीश बंसल,सतीश भडाना,मनोज सिंहल,अजय बंसल,सीताराम शर्मा, अमित गोयल,देवेन्द्र सोनी,कृष्ण बंसल, विजय गुप्ता,योगेश वार्ष्णेय, मनोज चौधरी,संजय अग्रवाल, वेदप्रकाश गुप्ता,प्रवीण शर्मा, अरविंद शर्मा,संजय सिंहल,अशोक गोयल, मनोज अग्रवाल, सत्यम बंसल,सिद्धांत राज,निशा शर्मा, विजया लक्ष्मी, प्रतिभा गोयल,सुशीला गोयल,संगीता जिंदल,श्वेता भडाना,मनीषा जिंदल,काजल गुप्ता,आदि का विशेष सहयोग मिला।

## माता के जागरण में थूककर रोटी बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** भोपुरा गगन विहार में जागरण के दौरान तंदूर में थूककर रोटी बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में साफ तौर से देखा जा सकता है कि थूक कर रोटी बनाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया और पुलिस जांच में जुटी है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें एक युवक तंदूर पर रोटी बनाते समय आटे की लोई पर थूकता नजर आ रहा है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि युवक किस तरीके से थूक रहा है और फिर उसे रोटी को तंदूर में डाल रहा है। लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामला पुलिस के संज्ञान में आते ही पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया।

## भाजपा नेताओं द्वारा जिला अध्यक्ष चेनपाल सिंह का किया भव्य स्वागत



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** भाजपा जिला गाजियाबाद नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष चैन पाल सिंह ने पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल के आवास पर आकर शिष्टाचार भेंट की ।पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल के आवास पर वरिष्ठ

भाजपा नेताओं के द्वारा जिला अध्यक्ष चेनपाल सिंह का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल एवं जिला अध्यक्ष चेन पाल सिंह के मध्य संगठनात्मक चर्चा हुई एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई । स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से सत्येंद्र त्यागी, नरेश अमराला, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र चौधरी डायमंड, हेमंत पालीवाल, टेंपल पवार, नितिन मित्तल, विजय वाल्मीकि ,गन्नू सिंह त्यागी, महेश कश्यप, शिव अग्रवाल, नितिन जिंदल, अमित सिंघल ,साहिल त्यागी, मुकेश गुप्त व संजय भदौला एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## क्षत्रिय समाज ने समाजवादी नेता के खिलाफ जताया विरोध

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** संसद में समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन की महाराणा सांगा जी पर की गई अभद्र टिप्पणी के खिलाफ आक्रोश जताते हुए क्षत्रिय समाज ने सपा सांसद के खिलाफ मोदीनगर तहसील में राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन देकर संसद सदस्यता खारिज करने व गिरफ्तार करने की मांग की है।

समाज के लोगों ने राष्ट्रपति के नाम जिला उप मंडल को ज्ञापन देकर विरोध दर्ज करवाया है। और कहा कि सपा सांसद का बयान पूरी तरह झूठा और अपमानजनक है, यह बयान राजस्थान के गौरवशाली इतिहास का अपमान है। इस बयान से हिंदू समाज और देश भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। साथ ही बताया कि त्याग, बलिदान और मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित राणा सांगा के विरूद्ध इस प्रकार की अमर्यादित टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वीर महापुरुषों का अपमान करने के लिए उन पर सबसे सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए इस मौके पर खुशाल सिंह नेगी पूर्व सैनिक,सोनू ठाकुर ,भव्य सिसोदिया ,गुलशन राजपूत,अजय चौहान, मनोज चौहान, डॉ मनोज चौहान, सुनील राजपूत, प्रवीण राजपूत, एस एम सिंह राठौर प्रताप ,अरुण तोमर ,मुकेश चौहान बलदेव सिंह ,मेहताब चौहान ,मोहन पुंडीर, बाबू सिंह ,तन्मय सिसोदिया, सुशील सोम, जोशील ठाकुर ,रूप सिंह ,महेंद्र चौहान, अशोक चौहान, गुलशन राजपूत, समय सिंह शिशोदिया, मुकेश चौहान, अजय चौहान आदि।

## सपा सांसद के खिलाफ हिंदू युवा वाहिनी ने फूंका पुतला

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का सिलसिला जारी है। सांसद ने राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कहा था। बुधवार को हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकताओं ने एनडीआरएफ रोड पर प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने सांसद के पुतले को चप्पलों से पीटा और फिर जला दिया।इससे पहले मंगलवार को भाजपा विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने भी पुतला दहन कर विरोध जताया था। हिंदू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष आयुष त्यागी ने कहा कि वीर राणा सांगा पर सवाल उठाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से अपने कार्यकताओं पर कार्रवाई की मांग की। त्यागी ने चेतावनी दी कि अगर हिंदू समाज के खिलाफ बयानबाजी जारी रही तो कड़ा विरोध किया जाएगा।

## बुलन्दशहर सभागार में दिनेश कुमार गोयल सभापति ने सुनी समस्याएं

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जॉच समिति के सभापति दिनेश कुमार गोयल की अध्यक्षता में बुलन्दशहर मुख्यालय पर समिति के सदस्यों के साथ व श्रीमति श्रुति जिलाधिकारी बुलन्दशहर एवं अन्य विधुत विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ मिलकर जनपद बुलन्दशहर, गौतमबुद्धनगर, नोएडा के विधुत विभाग से सम्बन्धी शिकायतों का निराकरण कराया गया। इसमें बुलन्दशहर, गौतमबुद्धनगर, नोएडा जिले की समस्याएं जैसे विधुत पोल हटवाये जाने, एल0ई0टी0लाईन बदलवाये जाने, लॉ बोल्टेज, अधिक विद्युत बिलो मे त्रुटि, जैसी समस्याएं उपभोक्ताओं ने की। उनके त्वरित निस्तारण हेतु दिशा निर्देश दिए गए । साथ ही सभापति दिनेश गोयल द्वारा विधुत विभाग को निर्देशित किया कि किसी भी उपभोक्ता को बेवजह परेशान न किया जाए। किसी भी उपभोक्ता का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसके लिए उन्होंने सख्त निर्देश दिए। इस मौके पर पार्टी कताओं द्वारा सभापति दिनेश कुमार गोयल का भव्य स्वागत किया गया। सभापति दिनेश कुमार गोयल ने कहा की कोई भी व्यक्ति यदि विधुत विभाग द्वारा उसका उत्पीडन किया जाता है तो वह कभी भी मेरे कार्यालय में आकर मिल सकता है उसकी समस्या का तुरन्त समाधान कराया जाएगा। इस मीटिंग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, अश्विनी त्यागी सदस्यगण विधान परिषद रतनपाल सिंह व विधुत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहें।

# नाली निर्माण मे प्रभु श्री राम जी के नाम की ईंटो को लगाने से हिन्दू समुदाय मे काफी रोष- ईश्वर चंद्र

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** सामाजिक संस्था निर्वाण फाउंडेशन के संस्थापक ईश्वर चंद्र ने बताया है कि सनातन धर्म कि आस्थाओं से जुड़े नामों व चिन्हो को गंदगी मल मूत्र इकठा होने जैसे स्थानों शौचालयों व नाली - नालो के निर्माण मे लगाया जा रहा है। जिससे हम हिन्दुओ, सनातनियों की आस्था आहत हुई और मन बहुत विलाप कर रहा है, नगरपालिका मोदीनगर द्वारा संजीवनी एस्टेट कालोनी सिकरी खुर्द तहसील मोदीनगर जिला गाजियाबाद मे नाली निर्माण मे प्रभु श्री राम जी के नाम की ईंटो को लगाकर उपयोग किया जा रहा है और भी बहुत सी जगह है जो की अदृश्य अथवा जान पूछ कर इग्नोर कर दिया जाता है। एक हिन्दू राष्ट्र मे सनातन की संस्कृति की आस्था की धज्जिया उड़ाई जा रही है। जिससे हिन्दू समुदाय मे काफी रोष है,नाली निर्माण मे प्रयोग की जा रही प्रभु श्री राम भगवान (राम) नाम लिखी ईंटो को नाली मे लगाने का विरोध बढ़ता देख उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर सख्त कानूनी कार्यवाही करने अगर ऐसा नहीं होता है तो विवश होकर निर्वाण फाउंडेशन रामनवमी 6 अप्रैल को भिन्न-भिन्न संगठनों के साथ धरना करने के लिये बाध्य होगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन - प्रशासन की होगी।



## इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया फाउंडेशन व समाजसेवियों ने 41 हजार से की मदद कर वर वधु को दिया आशीर्वाद

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** नगर की एक धर्मशाला में नेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया फाउंडेशन एवं नगर के समाजसेवियों द्वारा निर्धन कन्या विवाह के लिए 41 हजार सो रुपए नगद धनराशि देकर वर वधु को सदा सुखी रहने का आशीर्वाद दिया। विवाह समारोह में नगर पालिका चेयरमैन विनोद जाटव वैशाली ने कहा लोगों की सेवा करना ही मानवता की मिसाल को कायम करना है, अगर आपके पास कोई व्यक्ति आ रहा है, उसकी समस्याओं को सुनकर उसकी मदद अवश्य करनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने वर वधु के उज्जवल भविष्य की ईश्वर से प्रार्थना की वही नेशनल इलेक्ट्रॉनिक्स मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिजेंद्र भारती ने कहा कि उनकी संस्था जाति धर्म से अलग हटकर असहाय लोगों की मदद करने का काम कर रही है।

# सरकारी योजनाओं पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन की नीति के 08 वर्ष एवं केंद्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रामलीला मैदान, कविनगर, गाजियाबाद में विभिन्न सरकारी योजनाओं को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन श्रम विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, समाज कल्याण विभाग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और पात्र लाभार्थियों को हितलाभ वितरण एवं स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि विधायक सदर संजीव शर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार की 8 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। सहायक श्रमायुक्त वीरेन्द्र कुमार ने श्रमिकों से जुड़ी योजनाओं जैसे बाल श्रम, भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड योजनाएं, अटल आवासीय विद्यालय योजना आदि पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अटल आवासीय विद्यालय की मंडल स्तरीय प्रवेश परीक्षा 2025 में कक्षा 9 की टॉपर कु. अन्नया सैनी को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में निम्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को सहायता दी गई। जिसमें मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना - 2 लाभार्थी, बाल श्रमिक विधा योजना - 5 लाभार्थी, कन्या विवाह सहायता योजना - 2 लाभार्थी, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना - 5 लाभार्थी, खाद्य एवं रसद विभाग, 5 लाभार्थियों को राशन कार्ड, 5 लाभार्थियों को उज्ज्वला योजना का स्वीकृति पत्र, 5 ई-केवाईसी विक्रेताओं को प्रशस्ति पत्र, समाज कल्याण विभाग - 5 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) - 6 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र, राजस्व विभाग - 10 लाभार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला स्तरीय अधिकारी एवं उद्योग जगत के प्रतिष्ठित प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रदीप कुमार पांडेय, परियोजना निदेशक गाजियाबाद, वेद प्रकाश मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी, पीयूष कुमार राय, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, दिग्विजय सिंह, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, वाई.पी. सिंह, जिला सूचना अधिकारी, अरुण कुमार शर्मा, अध्यक्ष, कविनगर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, राकेश अनेजा, आईआईए मंडल प्रभारी, संजय अग्रवाल, अध्यक्ष, गाजियाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, सुशील अरोड़ा, अध्यक्ष, बीएस रोड इंडस्ट्रियल एरिया एसोसिएशन आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि संजीव शर्मा ने उपस्थित जनता से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की और जनसेवा केंद्रों पर जाकर योजनाओं का पंजीकरण कराने की जानकारी दी।

# 20 लाख की ठगी करने वाले दो शातिर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नकली सोना दिखा कर 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले दो शातिरों को विजय नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 6 लाख नगद बरामद किए है। विजयनगर पुलिस ने दो शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है जो सुनार को निशाना बना कर उन से लाखो की ठगी किया करते है।

एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया 22 मार्च को सुनार मनोज कुमार वर्मा द्वारा थाने में तहरीर दी गई थी कि उसके साथ 20 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई है। विजयनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच शुरू की, सर्विलेंस व मैन्युअल इनपुट के जरिए पुलिस को तीन लोगों के बारे में जानकारी मिली कि वह लोग सुनारों को नकली सोना देने का काम किया करए है। पुलिस ने रेलवे स्टेशन से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में उन लोगों ने बताया कि यह सराफा बाजार में जाकर सुनारों का विश्वास जीतने के लिए पहले उनको असली सोना और चांदी कम दामों पर बेचा करते है। और बाद में उनको ज्यादा सोने का लालच देकर उनके साथ ठगी किया करते हैं। विजयनगर के ही लक्ष्मी ज्वेलर्स के मालिक मनोज कुमार वर्मा के साथ भी उन लोगों ने ऐसा ही किया। उन्होंने लक्ष्मी ज्वेलर्स के मालिक को 20 लाख रुपए का सोना 10 लाख रुपए में बेच दिया। सुनार ने उनको 10 लाख रुपए नगद भी दे दिए, जब सुनार ने उसकी जांच पड़ताल की तो पता लगा कि वह सोना नकली है इसके बाद उसने पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने दो अभियुक्त के पास से सोना ,चांदी वे कुछ सोने और चांदी के बने सामान के साथ 6 लाख नगद भी बरामद किए हैं। इनका एक मुख्य आरोपी अभी भी फरार है जो सारी प्लानिंग को अंजाम दिया करता है।

# प्राथमिक विद्यालय को कायाकल्प कर आदर्श विद्यालय के रूप में बनाया



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर के नासिरपुर में संचालित प्राथमिक विद्यालय को कायाकल्प कर आदर्श विद्यालय के रूप में बनाया गया है। विद्यालय में छात्रों को बैठने के लिए डेस्क बेंच, दीवार लेखन, शौचालय का सौन्दर्यकरण, स्वच्छ पेयजल, फर्श का मरम्मत, टाइल्स, वृक्षारोपण, व रसोई घर का सौंदर्याकरण किया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी दीपक मीणा ने किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापक हामिद सिराज, पार्षद उदित मोहन, बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव, जिला प्रभारी शिक्षा विभाग टिंकू कंसल, परियोजना समन्वयक संजीव भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए एनओसीएआरडी की अहम बैठक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद में मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को अपर जिलाधिकारी कार्यालय, कलेक्ट्रेट में नॉर्को आर्डिनेशन मैकेनिज्म (एनओसीएआरडी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिलाधिकारी दीपक मीणा के निर्देशन और एडीएम सिटी गंभीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह ने कहा कि जनपद में अवैध ड्रग्स कारोबार, खरीद-फरोख्त और तस्करी को रोकने के लिए अभियान को और तेज करने की आवश्यकता है। इसके लिए सतर्कता और खुफिया तंत्र को मजबूत करने की जरूरत है। अंतर्राज्यीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस को अपने मुखबिर तंत्र को और अधिक सक्रिय करने की सलाह दी गई। ड्रग माफियाओं के खिलाफ समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। गंभीर सिंह ने निर्देश दिए कि जनपद में नशा मुक्ति के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाए। इसके अंतर्गत विद्यालयों, अस्पतालों और सार्वजनिक स्थलों पर होर्डिंग, बैनर, नुक्कड़ नाटक और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। स्कूलों में नशा मुक्ति अभियान के तहत वाद-विवाद, चित्रकला, स्लोगन लेखन और निबंध प्रतियोगिताएं कराई जाएं और विजेताओं को पुरस्कृत किया जाए। रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के लिए जीआरपी, आरटीओ और परिवहन विभाग को निर्देशित किया गया। इस बैठक में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आबकारी विभाग, सूचना विभाग, वन विभाग, जिला कृषि विभाग, आरटीओ सहित कई विभागों के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस बैठक में जनपद में नशे के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने और जन-जागरूकता अभियान तेज करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, नशा कारोबारियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस और अन्य विभागों को सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा गया।

# नि:शुल्क एचपीवी टीकाकरण शिविर का आयोजन हुआ





वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, विजयनगर में 13 फरवरी 2025 से निःशुल्क एचपीवी टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह पहल पीएनबी गिल्ट्स, नई दिल्ली के सीएसआर कार्यक्रम के तहत ब्यूटीफुल टुमारो (एनजीओ) के सहयोग से की जा रही है। शिविर में 9 से 15 वर्ष की छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीके लगाए जाएंगे। ब्यूटीफुल टुमारो संस्था पिछले तीन वर्षों में गाजियाबाद के सरकारी विद्यालयों में 6000 छात्राओं को इस रोग से बचाव के लिए टीका लगा चुकी है। इस अभियान में रोटरी क्लब साहिबाबाद, रोटरी क्लब शाहदरा (दिल्ली) और रोटरी क्लब बॉम्बे पियर ने आर्थिक सहायता दी है। वहीं, निजी स्कूलों में 2000 से अधिक छात्राओं को उनके स्वयं के खर्चे पर टीका लगाया गया है। बुधवार को राजनगर स्थित आईएमए भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में डॉ. मधु गुप्ता ने बताया कि सर्विकल कैंसर एक ऐसी बीमारी है, जिससे महिलाओं की समय पर जांच एवं 9 से 15 वर्ष की कन्याओं के टीकाकरणा से 98 प्रतिशत तक बचाव हो सकता है। सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है, जिससे समय पर जांच और 9 से 15 वर्ष की लड़कियों के टीकाकरण से 98 प्रतिशत तक बचाव संभव है। इस अभियान के तहत अभिभावकों और छात्राओं को जागरूक किया जाएगा कि एचपीवी टीका पूरी तरह सुरक्षित है और इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है। यह शिविर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इसके संचालन में जिला विद्यालय निरीक्षक, स्कूल की प्रधानाचार्य और शिक्षकों का सहयोग रहेगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए डॉ. मधु गुप्ता, डॉ. रेखा लोइवाल, डॉ. अंजना सभरवाल, डॉ. वंदना दयाल, डॉ. मनीषा अग्रवाल, डॉ. शैला गोविंद, डॉ. अनुभा मित्तल और शशि गोयल विशेष योगदान दे रही हैं। साथ ही, डॉ. स्मिता गोयल, डॉ. सीमा वशिनेय और डॉ. निदा पोद्दार इस आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए तत्पर हैं। यह शिविर गाजियाबाद को सर्वाइकल कैंसर मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# नमो भारत यात्रियों के लिए शानदार ऑफरः लॉयल्टी पॉइंट्स से करें मुफ्त यात्रा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नमो भारत के यात्री अब लॉयल्टी पॉइंट्स रिडीम करके मुफ्त यात्रा का आनंद ले सकते हैं। एनसीआरटीसी द्वारा हाल ही में शुरू किए गए लॉयल्टी पॉइंट्स प्रोग्राम के तहत, यात्री नमो भारत ऐप के माध्यम से डिजिटल क्यूआर टिकट जनरेट करके या नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) का उपयोग करके यात्रा करने पर हर बार लॉयल्टी पॉइंट अर्जित कर सकते हैं। एनसीएमसी कार्ड या नमो भारत ऐप का उपयोग करने पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपये पर 1 लॉयल्टी पॉइंट मिलेगा। प्रत्येक लॉयल्टी पॉइंट का मूल्य 10 पैसे होगा। न्यूनतम 300 लॉयल्टी पॉइंट्स जमा करने पर यात्री उन्हें मुफ्त यात्रा के लिए रिडीम कर सकते हैं। पांच ट्रिप्स तक के लिए पॉइंट्स को एक साथ रिडीम करने का भी विकल्प दिया गया है। रिडीम की गई ट्रिप्स 07 दिनों के लिए वैध रहेंगी। टिकट वेंडिंग मशीन (टीवीएम), टिकट रीडर या टिकट काउंटर पर अपने लॉयल्टी पॉइंट्स चेक कर सकते हैं। अकाउंट सेक्शन में लॉयल्टी पॉइंट्स दिखेंगे। लॉयल्टी पॉइंट्स ऑप्शन चुनकर और रिडीम पर क्लिक करके टिकट बुक किया जा सकता है। हर यात्रा के साथ बचत का लाभ। पेपरलेस टिकटिंग को बढ़ावा, जिससे यात्रा होगी ज्यादा सुविधाजनक। नियमित यात्रियों को अधिक फायदे मिलेगा। नमो भारत ऐप डाउनलोड करने पर 50 (500 लॉयल्टी पॉइंट्स) मिलेंगे। किसी और को ऐप रेफर करने पर दोनों को 500 लॉयल्टी पॉइंट्स मिलेंगे। अर्जित किए गए सभी लॉयल्टी पॉइंट्स क्रेडिट की तारीख से 1 वर्ष तक वैध रहेंगे। डिजिटल क्यूआर टिकट जनरेट करने और लॉयल्टी पॉइंट्स की जांच के लिए आसान इंटरफेस। एनसीआरटीसी की यह पहल यात्रियों को वित्तीय लाभ प्रदान करने के साथ-साथ पेपरलेस टिकटिंग को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण है।

इस योजना से यात्रियों को हर यात्रा के साथ बचत का लाभ मिलेगा और सतत, स्वच्छ एवं कुशल परिवहन व्यवस्था को प्रोत्साहन मिलेगा।

# बुलेट सवार ने बच्चे को मारी टक्कर

**गाजियाबाद।** जिले के ट्रांस हिंडन एरिया के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में पेपर देख वापस घर लौट रहे बच्चे को बुलेट सवार ने रौंद दिया।

जबकि स्कूटी सवार एक व्यक्ति को कार सवार ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों को दर्ज कर लिया है। थाना इन्द्रापुरम में दी तहरीर में लक्ष्मण अहिरवार 146 वसुन्धरा ने कहा कि मेरा लड़का 6 वर्षीय अमित कुमार क्लास 2ठुस्त्र आलम नरमदा पब्लिक स्कूल से पेपर देकर घर लौट रहा था। तभी मकान नं0- 191में रहने वाला बुलेट बाइक सवार ने टक्कर मार दी और भाग गया। मेरे लड़के अमित कुमार की पैर की दोनों हड्डिया टूट गयी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना इंदिरापुरम में दी तहरीर में वन्दना गौतम पत्नि रविन्द्र गौतम निवासी म0न0 1-28 आजाद विहार खोडा कलोनी गाजियाबाद ने कहा कि 22 मार्च को समय करीब 2.00 बजे मेरे पति रविन्द्र गौतम स्कूटी से वैशाली से इन्दिरापुरम जा रहे थे।

# कोरोना चेकिंग के नाम पर महिलाओं से ठगी करने वाले चार शातिर गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कोरोना चेकिंग के बहाने महिलाओं से ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में शामली के अमित कश्यप, दिल्ली के वीरेंद्र बंसल, गाजियाबाद के नूर इमाम और प्रमोद शामिल हैं। गिरोह के दो अन्य सदस्य नरेश उर्फ मोटा लाला और सोनू अभी फरार हैं। गैंग का तरीका बेहद चालाक था। आरोपी ऑटो में सवारी बनकर घूमते थे। ड्राइवर भी गिरोह का सदस्य होता था। अकेली महिला को देखकर उसे सवारी के रूप में बिठा लेते थे। कुछ दूर जाने के बाद कोरोना चेकिंग का बहाना बनाकर महिला के जेवर और पैसे अपने बैग में रखवा लेते थे। महिला के उतरते समय उसे जेवर और पैसों की जगह कुछ और थमाकर फरार हो जाते थे। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार सिंह के अनुसार, यह गिरोह पूरे दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय था। रोजाना लगभग एक वारदात को अंजाम देते थे। दिल्ली में पुलिस का दबाव बढे पर गाजियाबाद में अपराध करने लगते थे।

# ढिंढोरा म्यूजिक का प्रतिष्ठित मंच, तीसरे सीजन के लिए तैयार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गीतों का सफर ढिंढोरा म्यूजिक द्वारा प्रस्तुत एक प्रतिष्ठित और अनूठा संगीत मंच है, जिसने अब तक दो सफल सीजन पूरे कर लिए हैं। अब यह शो अपने तीसरे सीजन के साथ 30 मार्च 2025 को लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में आयोजित होने जा रहा है। यह मंच विशेष रूप से उभरते गायकों के लिए एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है, खासकर उनके लिए जिन्होंने गाजियाबाद आइडल जैसे बड़े मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। गीतों का सफर प्रतिभाशाली गायकों को अपने हुनर को निखारने और संगीत की दुनिया में अपनी पहचान बनाने का सुनहरा मौका देता है। इस प्रतिष्ठित मंच की सफलता का श्रेय इसकी समर्पित टीम को जाता है, जिनकी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता ने इसे ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। डॉ. महेश कुमार व्हाइट (अध्यक्ष, ढिंढोरा म्यूजिक)- उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन ने इस शो को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। डॉ. ममता गोयल (प्रबंध निदेशक)- उनके कुशल प्रबंधन और निर्देशन से हर सीजन की प्रस्तुति बेहतरीन रही। सर सतीश गुरु जी (संगीतकार)- उन्होंने अपने संगीत की गहरी समझ से शो में नया आयाम जोड़ा और प्रतिभागियों को अपनी कला निखारने में मदद की। रिया सिंह (मैनेजर, ढिंढोरा म्यूजिक)- उन्होंने शो की सभी व्यवस्थाओं को प्रभावी ढंग से संभाला, जिससे इसकी गुणवत्ता और आकर्षण बरकरार रहा।

# स्कूल के भूखंड की प्लाटिंग करने का बिल्डर पर आरोप

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** एसएमबी समूह के द्वारा विकसित शौर्यपुरम योजना के आवंटियों के द्वारा भी समूह के कार्यकाल की पडताल कराते हुए धोखाधडी किए जाने का मुकदमा दर्ज किए जाने की आवाज उठायी जाने लगी है। आवंटियों की मानें तो जो भूखंड नर्सरी,प्राइमरी एवं हाईस्कूल के लिए डीपीआर में आरक्षित किए गए थे, उन्हें न केवल टुकडों में विभाजित करते हुए बेच दिया गया,बल्कि जिन भूखंडों पर थ्री बीएचके का निर्माण किया जाना प्रस्तावित था,उसके स्थान पर टू एवं वन बीएचके बनाते हुए उन्हें टुकडों में अर्थात फलैट के रूप में बेचने काकाम किया जा रहा है। आवंटियों की मानें तो पूरे प्रकरण को जीडीए अधिकारियों के सामने उठाने के बाद भी किसी तरह का एक्शन नहीं लिया जा रहा है। महिला आवंटी रेनू शर्मा के द्वारा उठायी गई शिकायत पर यदि गौर करें तो उसमें उल्लेख किया गया कि बिल्डर समूह के द्वारा जीडीए से स्वीकृत करायी गई डीपीआर के अनुसार जिस जमीन के हिस्से को नर्सरी,प्राइमरी एवं हाई स्कूल के लिए आरक्षित किया गया।

# महापौर सुनीता दयाल ने किया विकास कार्यों का अवलोकन, स्वास्थ्य जागरूकता पर दिया जोर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रामलीला मैदान, कविनगर में संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महापौर सुनीता दयाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। महापौर ने सबसे पहले नगर निगम और अन्य विभागों द्वारा किए गए विकास कार्यों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने नगर निगम द्वारा स्थापित ओपन जिम और विकसित पार्क का निरीक्षण किया और उसे अद्भुत पहल बताया। कार्यक्रम की शुरूआत बाल, महिला एवं स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न प्रस्तुतियों के साथ हुई। इस अवसर पर महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश में ऐतिहासिक विकास कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने गली-मोहल्लों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाई और लोगों को लाभान्वित किया। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाए गए। गोद भराई रस्म को पुनर्जीवित कर महिलाओं को कुपोषण से बचाव के लिए प्रेरित किया गया। मलिन बस्तियों में सेनेट्री पैड जागरूकता अभियान चलाकर फ्री सेनेट्री पैड वितरण किया गया।